सुविचार

प्रार्थना ऐसे करो जैसे सब कुछ भगवान पर निर्भर करता है और प्रयास ऐसे करो जैसे सब कुछ आप पर निर्भर करता है

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 236 पेजः 8 मूल्य 01 रु. | जयपुर, शनिवार 18 मार्च, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


# राजस्थान में 19 नए जिले, 3 नए संभाग बनेंगे

## जयपुर को चार और जोधपुर को तीन जिलों में बांटा; बांसवाड़ा, पाली, सीकर नए संभाग

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान में 19 नए जिले और 3 नए संभाग बनाए जाएंगे। इसी के साथ अब राज्य में 50 जिले और 10 संभाग हो गए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को विधानसभा में इसकी घोषणा की। बांसवाड़ा, पाली, सीकर नए संभाग बनाए गए हैं।

### जयपुर को चार जिलों में बांटा

जयपुर जिले को तोड़कर जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, दूदू और कोटपूतली जिला बनाया गया है। मुख्यमंत्री के गृह जिले जोधपुर को भी जोधपुर पूर्व, जोधपुर पश्चिम और फलोदी में बांटा गया है। श्रीगंगानगर से अनूपगढ़, बाड़मेर से बालोतरा, अजमेर से ब्यावर और केकड़ी, भरतपुर से डीग, नागौर से डीडवाना-कुचामनसिटी, सवाईमाधोपुर से गंगापुर सिटी, अलवर से खैरथल, सीकर से नीम का थाना, उदयपुर से सलूंबर, जालोर से सांचोर और भीलवाड़ा से काटकर शाहपुरा को नया जिला बनाया गया है।



### किस संभाग में कौन-कौन से जिले आएंगे, ये घोषणा बाद में

घोषणा में तीन नए संभाग मुख्यालय बनाए गए हैं। सीकर, पाली और बांसवाड़ा। इन मुख्यालयों के तहत कौन-कौन से जिले काम करेंगे, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसमें भी अंचल का खास ध्यान रखा गया है। शेखावाटी से सीकर, मारवाड़ से पाली और मेवाड़ के आदिवासी बेल्ट से बांसवाड़ा को संभाग बनाया गया है। नए जिलों के गठन को लेकर सरकार को सुझाव देने के लिए रिटायर्ड क्अर रामलुभाया की अध्यक्षता वाली हाईपावर कमेटी का कार्यकाल हाल ही में 6 महीने के लिए बढ़ाया गया था। रामलुभाया कमेटी के पास 60 जगहों के नेता अलग-अलग ज्ञापन देकर नए जिलों की डिमांड रख चुके थे।

### 15 साल बाद घोषणा, आखिरी जिला बना था प्रतापगढ़

26 जनवरी 2008 को प्रतापगढ़ राजस्थान का 33वां जिला बना था। अब नए जिलों की घोषणा 15 साल बाद हुई है। इससे करीब 14 साल पहले हनुमानगढ़ को जिला बनाया गया था। वहीं संभाग मुख्यालय की आखिरी घोषणा भी 2005 को हुई थी। 4 जून, 2005 को राजस्थान का 7 वां संभाग भरतपुर को बनाया गया था।

### 40 लाख महिलाओं को रक्षा बंधन पर स्मार्ट फोन

रक्षा बंधन से 40 लाख महिलाओं को दिए जाएंगे। यह पहला फेज होगा। पिछले साल बजट में 1 करोड़ 33 लाख महिलाओं को स्मार्ट फोन के साथ फ्री इंटरनेट दिया जाना था, लेकिन सेमीकंडक्टर चिप की कमी से इस योजना में देरी हो गई है।

### कर्मचारियों को रिटायरमेंट के दिन मिलेंगे सारे पेंशन लाभ

गहलोत ने कहा कि कर्मचारियों को रिटायरमेंट के दिन ही सभी पेंशन लाभ दिए जाएंगे। इसके लिए उन्हें दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। साथ ही 75 साल से ज्यादा उम्र के पेंशनर्स के लिए 10 फीसदी पेंशन बढ़ाने की घोषणा की। सीएम गहलोत ने विनियोग विधेयक पर बहस का जवाब देते हुए कई घोषणाएं कीं।

### मदरसा पैराटीचर्स के 6 हजार पदों पर भर्ती होगी

उन्होंने कहा कि राज्य में मदरसा पैराटीचर्स के 6000 से ज्यादा पदों पर भर्ती होगी। गहलोत ने कहा कि अब मदरसों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को भी दो यूनिफॉर्म दी जाएगी, इस पर 75 करोड़ खर्च होंगे। सीएम ने छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए सार्वजनिक सुविधा केंद्र बनाने की घोषणा की, इस पर 100 करोड़ खर्च होंगे।

### महाकाल की तर्ज पर गोविंद देवजी मंदिर का कॉरिडोर बनेगा

सीएम ने उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर जयपुर के गोविंददेवजी मंदिर का विकास करवाने की घोषणा की। इस पर 100 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसी तरह पुष्कर का भी विकास किया जाएगा। चुनावी साल में इस घोषणा को काफी अहम माना जा रहा है। त्रिपुरा सुंदरी, सांवलियाजी, खोले के हनुमानजी, तनोट मातेश्वरी, श्रीनाथजी, कैला देवी, वीर तेजा जी, एकलिंगजी जैसे प्रसिद्ध मंदिरों के विकास के लिए डीपीआर बनाई जाएगी।

### विधायक फंड का दायरा बढ़ाया, अब तारबंदी के काम करवाए जा सकेंगे

विधायकों को विकास के लिए सालाना मिलने वाले फंड विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम का दायरा बढ़ाया गया है। इसके नियमों में बदलाव कर इसमें करवाए जाने वाले कामों की संख्या बढ़ाने की घोषणा की गई है। अब तारबंदी भी इससे की जा सकेगी। प्रशासन गांव के संग अभियान और प्रशासन शहरों के संग अभियान का अगला फेज भी घोषित किया गया। इनकी समय सीमा 31 मार्च से आगे बढ़ाई गई है। गांवों और शहरों में कैंप लगाकर सरकारी योजनाओं का फायदा दिया जाएगा।

# राजस्थान में बिजली गिरने से बच्चे सहित तीन की मौत

## 10 लोग बुरी तरह झुलसे; जयपुर में मूसलाधार बारिश, छाया अंधेरा

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान में एक्टिव हुआ नया वेदर सिस्टम किसानों पर जमकर कहर बरपा रहा है। शुक्रवार को नागौर व पाली में तेज बारिश के साथ गिरी बिजली ने एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। कुदरत के इस कहर से खेतों में काम कर रहे 10 किसान बुरी तरह झुलस गए। वहीं, तेज बारिश और आंधी के कारण जयपुर-जोधपुर में दोपहर बाद अचानक अंधेरा छा गया। जयपुर शहर के अधिकतर हिस्सों में लाइट गुल हो गई और मुख्य सड़कों पर पेड़ व बिजली के पोल गिरने से लोगों को खासी परेशानी हो रही है। प्रदेश के दस से ज्यादा जिलों में मौसम ने ली करवट से चार-पांच डिग्री तक तापमान में गिरावट आई है।

### बिजली का कहर, तीन की मौत

शुक्रवार को नागौर में करीब 20 मिनट तक हुई मूसलाधार बारिश से किसानों की परेशानी बढ़ गई। खेतों में तैयार फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। वहीं, जिले के मेड़ता कस्बे में बिजली गिरने से खेत में जीरा एकत्रित कर रहे एक 45 साल के किसान शौकीन खान की मौत हो गई। इसी गांव में बिजली गिरने से एक भैंस भी मर गई। साथ ही आसपास के खेतों में काम कर रहे 10 से ज्यादा किसान बुरी तरह से झुलस गए। सभी को मेड़ता सिटी अस्पताल में पहुंचाया गया। वहीं, पाली में भी बिजली ने कहर बरपाया है। यहां के जैतारण में खेत में काम कर रही एक महिला जमिला (40) बेटे के साथ पेड़ के नीचे खड़ी थी। अचानक बिजली पेड़ पर गिर गई। हादसे में महिला और एक बकरी की मौत हो गई। वहीं मासूम साहिब (4) घायल हो गया। बच्चे ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।



### जयपुर के शाहपुरा में सबसे ज्यादा बरसात

राजस्थान के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर 1 से लेकर 44टट तक बरसात हुई। जयपुर जिले के शाहपुरा कस्बे में सबसे ज्यादा 44टट पानी बरसा। यहां ओले भी गिरे। इसी तरह जयपुर के पावटा में 22, विराटनगर में 7, चौमूं, जमवारामगढ़, कोटपूतली में 5-5 और बस्सी, नरेना, फागी, जोबनेर में 1 से 2टट तक बारिश हुई।



### जयपुर में आंधी के साथ बरसात

राजधानी जयपुर में शाम 5 बजे बाद मौसम में बदलाव हुआ और आंधी चलनी शुरू हो गई। करीब 40 किलोमीटर की स्पीड से चली इन हवाओं के साथ बारिश भी शुरू हो गई। जेएलएन मार्ग, टोंक रोड, एमआई रोड, झोटवाड़ा, सिरसी, हरमाड़ा, सीकर बाइपास, विद्याधर नगर, वैशाली नगर समेत कई जगहों पर धूल उड़ने से आसमान मटमैला हो गया। ट्रैफिक भी प्रभावित हुआ। मौसम का ये रूप जयपुर के अलावा नागौर, सीकर, अजमेर, राजसमंद, उदयपुर क्षेत्र में भी रहा। इन जिलों में स्पीड से हवा चली। जोधपुर के कापरड़ा सहित आसपास के गांवों में भी बरसात हुई। इससे पहले बीकानेर, सीकर में आज सुबह बारिश हुई। मार्च में अभी तक दो बार बेमौसम की बरसात हो चुकी है। प्रदेश के किसानों की फसलें बर्बाद हो गईं। कटाई के लिए तैयार गेहूं, चना, सरसों, जीरा, इसबगोल की फसलों को बारिश-ओलों से बड़ा नुकसान पहुंचा है। मौसम केंद्र जयपुर ने 20 मार्च तक मौसम ऐसे खराब रहने का अनुमान व्यक्त किया है। उधर, मौसम के इस बदलाव से दिन का तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। गंगानगर के सूरतगढ़, रायसिंहनगर, अनूपगढ़ एरिया में गुरुवार रात तेज आंधी चली। फिर बारिश और ओलावृष्टि। इसी तरह झुंझुनूं के बुहाना, सीकर के खंडेला, पाटन, नागौर के डेगाना, मेड़ता एरिया में भी बारिश के साथ कहीं-कहीं ओले भी गिरे।

**दिन का तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरा, गर्मी से मिली राहत:** मौसम के इस बदलाव के साथ ही प्रदेश के अधिकांश शहरों में पारा 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। बारां, धौलपुर में एक दिन पहले जहां दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस था वह कल गिरकर 30 पर पहुंच गया। टोंक में दिन का अधिकतम तापमान 35.4 से गिरकर 31.8 और अलवर में पारा 33.5 से गिरकर 29.5 पर आ गया।

# हेलिकॉप्टर से देखें जयपुर की खूबसूरती

## RTDC ने जयपुर में शुरू की जॉय-राइड, धर्मेंद्र राठौड़ बोले- जल्द चलाएंगे क्रूज

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** जयपुर की खूबसूरती को आसमान से निहारने का पर्यटकों और जयपुराइट्स का सपना आज पूरा हो गया है। राजस्थान पर्यटन विकास निगम की ओर से जयपुर में आज से हेलिकॉप्टर जॉय राइड की शुरूआत हो गई है। जिसके तहत पर्यटक 5000 में 5 मिनट और 15,000 में 15 मिनट देकर हेलिकॉप्टर से जयपुर की खूबसूरती को निहार सकेंगे। कूकस स्थित शिव विलास होटल में बने हेलीपैड से हेलिकॉप्टर राइड की शुरूआत की गई। जिसकी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड पर बुकिंग की जाएगी। आज दोपहर 2:00 बजे शिव विलास होटल में बने हेलीपैड से धर्मेंद्र राठौर पहली हेलिकॉप्टर जॉय राइड में सवार होकर जयपुर घूमने निकले। इस दौरान हेलिकॉप्टर आमेर फोर्ट, नाहरगढ़, जयगढ़, जल महल होता हुआ जयपुर के चारदीवारी इलाके में पहुंचा। जहां जंतर मंतर, सिटी पैलेस, गोविंद देव जी मंदिर और चारदीवारी की खूबसूरती देख फिर से यात्रियों को कूकस स्थित शिव विलास होटल लाया गया।

# डेयरी बूथ लेने से पहले देना होगा इंटरव्यू

## सरकार ने 5 हजार बूथों के लिए 30 मार्च तक मांगे आवेदन; 4 मार्च को निकलेगी लॉटरी

**जयपुर।** राज्य सरकार ने पिछले बजट में जो 5 हजार डेयरी बूथों के आवंटन की घोषणा की थी। उनके लिए आवेदन का विंडो दोबारा खोल दिया है। अब लोग इसके लिए 30 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। इसमें सबसे दिलचस्प बात ये है कि आवेदनों की लॉटरी निकाली जाएगी। लॉटरी में जो सफल होगा उसका इंटरव्यू लिया जाएगा। स्वायत्त शासन निदेशालय के निदेशक ह्रदेश कुमार ने आदेश जारी किए हैं। इसमें डेयरी बूथों के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 30 मार्च निर्धारित की है। जबकि इन आवेदनों की लॉटरी 4 अप्रैल को निकाली जाएगी। सफल आवेदकों का 10 से 26 अप्रैल तक इंटरव्यू लिया जाएगा। इसके बाद 28 अप्रैल से सफल होने वाले आवेदकों को बूथ आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। दो दिन पहले विभाग ने इन डेयरी बूथों के आवंटन की जिम्मेदारी जिले के कलेक्टरों को सौंपी थी। तब 7 दिन के अंदर आवंटन की प्रक्रिया पूरी करके रिपोर्ट देने के लिए कहा था।


"सितारे का साथ-आपके हाथ"

अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी

आपका पसंदीदा समाचार पत्र
अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी

अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध

अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...

Log in करें : www.garibonkasitara.com

अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें...
8233553666, 9782527840, 9828853546
या बार कोड स्कैन करें...

।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।

गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम | निर्भीक आवाज

भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें...
राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125

| पूर्वानुमान> | शनि | रवि | सोम | मंगल |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 29°c | 26°c | 27°c | 25°c |
| न्यूनतम> | 18°c | 18°c | 17°c | 16°c |

21°

70 प्रजातियों के फूलों से गुलजार **शासन सचिवालय का उद्यान**

# 40 रंगों के बोगनविलिया फूल बने आकर्षण का केंद्र – गर्मियों के लिए विशेष पुष्प वाटिका की शुरूआत

गरीबों का सितारा


**जयपुर।** राजस्थान की प्रशासनिक शक्ति का केंद्र शासन सचिवालय इन दिनों 70 से भी अधिक प्रजातियों के फूलों से गुलजार है। विविध किस्मों के फूलों का सतरंगी संसार आगंतुकों के स्वागत में खिला नजर आता है। आंखों को सुकून देते बोगनविलिया के 40 रंगों के फूलों की कतारें जहां बरबस मन को बांध लेती हैं, वहीं फूलों के राजा गुलाब की भी 10 से अधिक किस्में अपनी महक से समूचे परिसर को सुरभित किए हुए है। शासन सचिवालय उद्यान में खिले विविध रंगी पुष्पों में पिटुनिया, साल्विया पैन्जी, आस्टर फलोक्स, पनसेटिया, बरबीना, केलेन्डुला, नस्ट्रेशियम, लार्कस्पर गेंदा, लीजम, बिगोनिया, गजेनिया, सिनरेरिया, स्वीटपी डहेलिया, डिमारपोथी, एन्ट्राइनम, क्राइसेन्थीमम के साथ गुलाब की 10 प्रजाति व बोगनविलिया के 40 रंगों के फूल शामिल हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधीक्षक (उद्यान) श्री सुरेश नारायण शर्मा की देखरेख में इस फुलवारी को कार्मिक विभाग की ओर से तैयार किया गया है। श्री शर्मा का कहना है कि गर्मी की फुलवारी लगने की अभी से तैयारी हो रही है। उद्यान का लॉन भी हरा-भरा मनमोहक लग रहा है, जिससे यहां आने वाले आगन्तुकों को आनंद की अनुभूति हो रही है। सचिवालय के उद्यान में अभी 20 प्रजाति की फुलवारी, 10 प्रजाति के गुलाब और 40 रंगों के बोगनविलिया आकर्षण के केंद्र बने हुए है।



## पंचांग

दिनांक 18मार्च 2023 शनिवार
विक्रम संवत2079चैत्र कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | एकादशी | 11:13:19 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | श्रवण | 24:28:19 |
| योग | शिव | 23:51:58 |
| करण | बालव | 11:13:19 |
| करण | कौलव | 21:41:11 |
| चन्द्र राशि | मकर | |
| सूर्य राशि | मीन | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय(जयपुर) | 06:34:46 | |
| सूर्यास्त | 18:35:32 | |
| चंद्रोदय | 29:00:35 | |
| चंद्रास्त | 14:58:52 | |
| राहू काल | 09:35-11:05 | |
| अभिजित | 12:1-12:59 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| शुभ | 08:05-09:35 | शुभ |
| चर | 12:35-14:05 | शुभ |
| लाभ | 14:05-15:35 | शुभ |
| अमृत | 15:35-17:05 | शुभ |



विशेष जानकारी:-
एकादशी व्रत:-आज
प्रदोष व्रत:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

# आवासन मंडल का एक और नवाचार बीके शिवानी आवासन मंडल के कार्मिकों को देंगी मोटिवेशन बूस्टर

### कार्यस्थल पर तनाव हटाने, वर्कलाइफ बैलेंसिंग और टीम स्पिरिट बढ़ाने के लिए भी देंगी व्याख्यान

### आयुक्त ने कहा कार्मिकों को ऊजार्वान बनाए रखने के लिए मंडल करता रहेगा ऐसे नवाचार

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल के अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्यस्थल संबंधी तनाव कम करने, वर्क लाइफ को संतुलित करने और उनमें टीम भावना की क्षमता विकसित करने के लिए शनिवार सायं 4:30 माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर के ऑडिटोरियम में मोटिवेशन कार्यक्रम 'मेनिफेस्टिंग एक्सीलेंस' आयोजित किया जाएगा, जिसमें बीके (ब्रह्मकुमारी) सिस्टर शिवानी मुख्य वक्ता होंगी। आवासन आयुक्त श्री पवन अरोड़ा ने कहा कि फिक्की फ्लो, जयपुर और मंडल के संयुक्त तत्वावधान में यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आमजन की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों को लगातार कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। ऐसे में कार्यस्थल पर होने वाले तनाव को दूर करने कार्यालय और घर के जीवन को संतुलित रखने और उनमें पूरी जोश और ऊर्जा के साथ टीम भावना बनाए रखने के लिए यह विशेष सेशन रखा गया है। अरोड़ा ने बताया कि मुख्यालय के अलावा प्रदेश भर के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को यात्रा भत्ते के साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि मंडल की कामयाबी के पीछे कार्मिकों की लगन और मेहनत है। हमारा यह प्रयास रहता है कि कार्मिक स्वच्छंद माहौल में उन्मुक्त भाव के साथ अपना शत-प्रतिशत मंडल को दें। उन्हें ऊजार्वान बनाए रखने के लिए मंडल आगे भी ऐसे नवाचार करता रहेगा। गौरतलब है कि मंडल द्वारा पूर्व में भी मशहूर मोटीवेटर श्री उज्जवल पाटनी को मुख्यालय बुलाकर कार्मिकों का उत्साह वर्धन करवाया था।



# जनसंपर्क अभियान तहत न्यू आदर्श ग्रुप ने कांग्रेस प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल का किया सम्मान



गरीबों का सितारा

**जयपुर/मुरलीपुरा।** न्यू आदर्श ग्रुप ऑफ स्कूल एंड कॉलेज के चेयरमैन मनोज शर्मा ने बताया कि कांग्रेश द्वारा चलाई जा रही हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के जनसंपर्क में कांग्रेस प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल व उनकी टीम न्यू आदर्श ग्रुप पर पहुंचे तो कॉलेज स्टाफ परिवार व मित्रों के साथ सीताराम अग्रवाल को स्मृति चिन्ह व शॉल उड़ाकर न्यू आदर्श द्वारा सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेश कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, विप्र कल्याण बोर्ड सदस्य देवेंद्र सिंह बुटाटी, कांग्रेश के नगर निगम में रहे पूर्व नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र वशिष्ठ, हिम्मत सिंह खाचरियावास, वार्ड अध्यक्ष बीसी चौधरी, न्यू आदर्श ग्रुप ऑफ स्कूल एवं कॉलेज के चेयरमैन मनोज शर्मा, अमन, राम सहाय सैनी, रामचंद्र यादव, मंजू, इमरान खान, सीपी शर्मा, प्रकाश माली, विजय, उषा गहलोत, हरेंद्र सिंह जादौन, महेश अग्रवाल, राजकुमार एवं अन्य कॉलोनियों के लोग व न्यू आदर्श के सदस्य उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय मोटिवेटर डॉ. रमेश यादव आज रहेंगे कृषि विश्वविद्यालय, कोटा में विद्यार्थियों को करेंगे संबोधित

गरीबों का सितारा

**रेनवाल।** विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य और विकास हेतु आयोजित होने वाली मोटिवेशनल सेमीनार के लिए पचकोड़िया स्थित राजधानी एजुकेशनल ग्रुप के डायरेक्टर व राष्ट्रीय मोटिवेटर डॉ. रमेश यादव आज कृषि विश्वविद्यालय, कोटा में रहेंगे। राजधानी एजुकेशनल ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर बलरामसिंह यादव व प्रिंसिपल हेमेन्द्र शर्मा ने बताया कि डॉ. यादव आज शनिवार प्रातः 11.00 बजे से कोटा कृषि विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय, कृषि महाविद्यालय, उम्मेद गंज, कोटा में जीवन परिवर्तन मोटीवेशन देंगे। इसमें युवाओं की शारीरिक, आध्यात्मिक, सामाजिक व मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से समझाने का प्रयास करेंगे, साथ ही जीवन में सुदृढ़ नीव के लिए जरूरी बिन्दुओं के साथ गुणवता पूर्ण शिक्षा तथा इनके विभिन्न पहलुओं से अवगत कराएंगे। इसमें शिक्षा व विकास से सम्बन्धित युवाओं व अभिभावकों की समस्याओं पर भी मंथन किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय मोटीवेटर डॉ. यादव द्वारा जीवन लक्ष्य निर्धारण, प्रतियोग परीक्षाओं की तैयारी, पढ़ाई का तरीका, कम समय में गुणवत्तायुक्त पढ़ाई करके भी अधिक अंक कैसे प्राप्त कर सकते है, पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे। बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान समय की चुनौतियों पर भी चर्चा होगी। इस मौके पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एमसी जैन सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहेंगे।

**हिंदुस्तान के जाने-माने मोटिवेटर है डॉ.रमेश यादव**



# छबड़ा में 74.88 किमी की क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत – सार्वजनिक निर्माण मंत्री

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण मंत्री श्री भजनलाल जाटव ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि विधानसभा क्षेत्र छबड़ा में 74.88 किमी की कुल 12 क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत है। इसके अलावा इस वर्ष की बजट घोषणा के तहत 17.78 किमी लम्बाई की 7 क्षतिग्रस्त सड़कों के लिए 5 करोड़ 29 लाख रुपये की स्वीकृति भी प्रक्रियाधीन है। श्री जाटव ने प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि छबड़ा विधानसभा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण प्रगतिरत है। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों को शामिल नहीं किया गया उनमें कई सड़कें ऐसी हैं, जो पूरी क्षतिग्रस्त नहीं हैं, बल्कि उनका एक से दो किलोमीटर का पैच ही क्षतिग्रस्त है। इससे पहले सार्वजनिक निर्माण मंत्री ने विधायक श्री प्रताप सिंह के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि विधानसभा क्षेत्र छबड़ा की कुछ सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों का विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र छबड़ा में क्षतिग्रस्त कुल 39 सड़कों (192.58 किमी) में से वर्तमान में 12 सड़कें (74.88 किमी) विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत हैं। सार्वजनिक निर्माण मंत्री ने बताया कि बजट घोषणा वर्ष 2023-24 की 10 करोड़ प्रति विधानसभा क्षेत्र के तहत 17.78 किमी लम्बाई की 7 क्षतिग्रस्त सड़कों के लिए 529 लाख रुपये की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि शेष सड़कों की स्वीकृति जारी करना राज्य सरकार के वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता एवं पारस्परिक प्राथमिकता पर निर्भर करेगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में वरीयता सूची में शामिल होने से वंचित रहे परिवारों को जोड़ने के लिए केन्द्र सरकार को किया आग्रह – ग्रामीण विकास मंत्री

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** ग्रामीण विकास मंत्री श्री रमेश चन्द मीणा ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि तकनीकी एवं अन्य कारणों से प्रदेश के 9 लाख 22 हजार पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना में वरीयता सूची में शामिल होने से रह गए हैं। उन्होंने कहा कि इन वंचित परिवारों को आवास प्लस पर अपलोड कराने के लिए केन्द्र सरकार से लगातार आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की गई है। श्री मीणा ने प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में केन्द्रांश तथा राज्यांश का अनुपात 60 और 40 है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2023 के लिए भी लक्ष्य अब तक आवंटित नहीं किया गया है। इससे पहले ग्रामीण विकास मंत्री ने विधायक श्रीमती चन्द्रकान्ता मेघवाल के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत बूंदी जिले के 19 हजार 322 पात्र परिवार तकनीकी समस्याओं के कारण आवास प्लस पर अपलोड होने से वंचित रहे। उन्होंने कहा कि वंचित पात्र परिवारों को योजना की वरियता सूची में शामिल करने के लिए आवास प्लस पर अपलोड कराने हेतु ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से पत्राचार किया गया। ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार के पत्र दिनांक 10 मार्च 2022 द्वारा किसी भी राज्य के वंचित परिवारों को आवास प्लस पर अपलोड कराने के प्रस्ताव पर विचार नहीं किये जाने बाबत अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा तत्पश्चात भी अ.शा. पत्र दिनांक 15 अप्रेल 2022 एवं 22 जनवरी 2023 द्वारा केन्द्र सरकार से पुनः आग्रह किया गया है।

# राजस्थान को पर्यटन क्षेत्र की उपलब्धियों के लिए पुरस्कार– आवासीय आयुक्त श्री धीरज श्रीवास्तव ने ग्रहण किया पुरस्कार

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान को पर्यटन क्षेत्र की उपलब्धियों और पर्यटकों को लुभाने के आकर्षणों के लिए 'द इकोनॉमिक टाइम्स के ट्रैवल एंड टूरिज्म एनुअल कान्फ्रेंस एंड अवार्ड्स में मेलों और त्योहारों और प्रचार फिल्म पर्यटन की श्रेणियों में अव्वल स्थान पर रहने के लिए पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के गुड़गांव में आयोजित पुरस्कार समारोह में एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक ट्यूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पी.पी खन्ना ने दिल्ली में राजस्थान के आवासीय आयुक्त धीरज श्रीवास्तव को यह पुरस्कार प्रदान किए।




# वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा आंगनबाड़ी के भवनों की मरम्मत का कार्य – महिला एवं बाल विकास मंत्री

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती ममता भूपेश ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर आंगनबाड़ी के जीर्ण-शीर्ण भवनों की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। श्रीमती भूपेश ने प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन बनाने के लिए केन्द्रांश तथा राज्यांश के अन्तर्गत 12 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे पहले महिला एवं बाल विकास मंत्री ने विधायक श्री पुखराज के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि विधान सभा क्षेत्र भोपालगढ़ में तहसील भोपालगढ़ में 141 आंगनबाड़ी केन्द्र एवं तहसील पीपाड़ सिटी में 80 सहित कुल 221 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। उन्होंने तहसीलवार संख्यात्मक विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि समेकित बाल विकास सेवाएं, महिला एवं बाल विकास विभाग में केन्द्रांश के कारण नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों को खोलने हेतु भारत सरकार की स्वीकृति आवश्यक है। भारत सरकार के पत्र दिनांक 28 जुलाई 2015 द्वारा सूचित किया गया है कि आईसीडीएस सेवा विस्तार हेतु अभी नवीन केन्द्र स्वीकृत नहीं किये जा सकते हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि इसके उपरान्त भी स्थानीय प्रतिनिधियों/ जनप्रतिनिधियों द्वारा नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने संबंध में निरन्तर की जा रही मांग को देखते हुए, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार को अनेक बार पत्र प्रेषित किए गये हैं। जिसके क्रम में भारत सरकार स्तर से स्वीकृति अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा बजट भाषण 2023-24 के अन्तर्गत प्रदेश में 8 हजार आंगनबाड़ी केन्द्र तथा 2 हजार मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने की घोषणा की गई है।

# अजमेर डिस्कॉम किसानों को कृषि कनेक्शन जारी करने में अव्वल इस वित्तीय वर्ष में फरवरी माह तक 36 हजार 655 कृषि कनेक्शन जारी कर रचा नया कीर्तिमान भीलवाड़ा में सर्वाधिक 5 हजार 796 कनेक्शन जारी

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने किसानों को बिजली कनेक्शन जारी करने में बेहतरीन कार्य करते हुए इस वित्तीय वर्ष में फरवरी माह तक 36 हजार 655 कृषि कनेक्शन जारी कर किसानों को लाभान्वित किया है। अजमेर विद्युत वितरण निगम ने इस दौरान सर्वाधिक 5 हजार 796 कृषि कनेक्शन भीलवाड़ा सर्किल में जारी कर किसानों को लाभान्वित किया है। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री एन. एस. निर्वाण ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार अजमेर विद्युत वितरण निगम किसानों को कृषि कनेक्शन जारी करने तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के दौरान अजमेर विद्युत वितरण निगम ने अजमेर सिटी सर्किल में 1615, अजमेर जिला सर्किल में 1977, भीलवाड़ा सर्किल में 5796, नागौर सर्किल में 2628, झुंझुनूं सर्किल में 4361, सीकर सर्किल में 4363, बांसवाड़ा सर्किल में 1613, डूंगरपुर सर्किल में 1914, चित्तौड़गढ़ सर्किल में 3057, प्रतापगढ़ सर्किल में 2091, राजसमंद सर्किल में 2445 तथा उदयपुर सर्किल में 4795 कृषि कनेक्शन जारी किए है। निर्वाण ने बताया कि अजमेर डिस्कॉम किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए डिस्कॉम के अधिकारी एवं कर्मचारी प्राथमिकता से किसानों को कनेक्शन जारी कर रहे हैं। श्री निर्वाण ने सभी उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी उपभोक्ता अपने बिजली का बिल समय पर जमा कराए जिससे अजमेर डिस्कॉम द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सदैव जारी रहे।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

# राजपूत समाज के पुरोधा का निधन समाज के लिए अपूर्णक्षति : रूक्ष्मणि कुमारी

## राजपूत समाज के लोगों ने लोकेंद्र सिंह कालवी को किया याद, श्रद्धा सुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

### गोविंदगढ़ में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

गरीबों का सितारा

**गोविंदगढ़ (सुनील कुमार पाराशर)।** राजपूत समाज के पुरोधा एवं श्री राजपूत करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देने हेतु ग्राम गोविंदगढ़ की श्रीकृष्ण गोपाल गौशाला प्रांगण परिसर में शुक्रवार को श्री राजपूत सभा तहसील चौमूं एवं श्री राजपूत करणी सेना तहसील इकाई चौमूं के सयुंक्त तत्वाधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ ' सभा में अखिल भारतीय प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रूक्ष्मणि कुमारी ने कहा कि राजपूत समाज के पुरोधा लोकेंद्र सिंह कालवी का निधन राजपूत समाज के लिए अपूर्णिय क्षति है ' सभा में श्री राजपूत सभा तहसील चौमूं अध्यक्ष शंकर सिंह खेजरोली ने कहा कि कालवी का योगदान राजपूत समाज के उत्थान के लिए हमेशा सराहनीय रहा ' सभा में श्री राजपूत सभा जयपुर देहात पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रघुवीर सिंह राठौड एवं राजस्थान बुनकर संघ के पूर्व





अध्यक्ष राधेश्याम सिंह तंवर ने कहा कि समाज के कार्य के लिए कालवी को हमेशा याद किया जाएगा ' सभा में राजपूत करणी सेना तहसील संयोजक गिरवर सिंह ईटावा ने कहा कि राजपूत समाज के लोगों को कालवी के पद चिन्हों पर अग्रसर होना चाहिए ' इस दौरान राजपूत सभा के लोगों ने करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ' इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद तहसील आमेर अध्यक्ष ठाकुर भवानी सिंह, टाटियावास राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी यूनियन के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाथावत, आष्टीकला पूर्व सरपंच मगन सिंह नाथावत, श्री राजपूत करणी सेना तहसील अध्यक्ष किशोर सिंह खेजरोली, श्री राजपूत करणी सेना तहसील संयोजक गिरवर सिंह ईटावा, राजपूत सभा तहसील चौमूं के पूर्व अध्यक्ष रणवीर सिंह शेखावत, ईटावा भोपजी उपसरपंच दीपा चंद्रवीर सिह,सहायक कृषि अधिकारी जगदीश सिंह, वैचारिक क्रांति मंच सिंगोद सदस्य बलवीर सिंह,विजय सिंह, उपसरपंच शायर सिंह, हनुमान सिंह, बलेखन शोबीर सिंह, एवं बलवीर सिंह खेजरोली सहित राजपूत समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## हादसे को न्यौता दे रहा सड़क किनारे खुला कुआं



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** क्षेत्र के लक्सीवास से खोहर जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे खुला पड़ा सूखा कुआं। सार्वजनिक जगहों के आसपास खुले पड़े कुओं से आए दिन विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाएं सामने आती रहती है। लक्सीवास ग्राम में खेत के पास खोहरी मार्ग पर सैकड़ों फिट गहरा खुला पड़ा कुआं गंभीर हादसे को न्यौता दे रहा हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी व लापरवाही के चलते कभी भी कोई भी हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया सैकड़ों फिट गहरा खुला पड़ा कुआं गंभीर हादसे को न्यौता दे रहा है। गांव की आबादी के समीप खुले पड़े कुएं के पास कई घर बसे हुए है।आसपास बसे घरों के छोटे बालक दिनभर कुएं के आसपास खेलते रहते है वहीं सैकड़ों लोग गुजरते रहते है। जिससे खुला पड़ा कुआं से कभी भी हादसा हो सकता है। ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत से लेकर उपखंड स्तरीय अधिकारियों तक कुएं को ढकने व कुएं में मिट्टी भरने की गुहार लगाई, लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा कुएं को ढका नहीं गया है। जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है।

## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा के स्थानीय केंद्रों पर उड़न दस्तों ने किया आकस्मिक निरीक्षण



गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की परीक्षा के स्थानीय केंद्र पर शुक्रवार को उड़न दस्ते ने आकस्मिक निरीक्षण किया प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय कुमार गुप्ता अतिरिक्त जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा अजमेर व रमन गौतम ,हर्षवर्धन के दल ने पटेल स्कूल केंद्र पर आकस्मिक निरीक्षण किया। परीक्षा व्यवस्था व्यवस्थित संचालित हो रही है एवं संतोषप्रद रही केंद्र अधीक्षक अब्दुल हनीफ खान एवं अतिरिक्त केंद्र अधीक्षक राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि संस्कृत साहित्य का पेपर हो रहा है इस केंद्र पर 46 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड है एवं इसमें से 45 उपस्थित रहे ।परीक्षा व्यवस्था में परमेश्वर सिंह बाबू खान मंसूरी मुकेश प्रजापति नरेश कुमार आदि उपस्थित होकर निरीक्षण कराया।

## पंडित मदनलाल ज्योतिषाचार्य की एक बार फिर भविष्यवाणी हुई सत्य

गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर जो राजस्थान में अजमेर जिले की हृदय स्थली के रूप में लोकप्रिय है वैसे देखा जाए तो इस चराचर युग में ऐसे कई ज्योतिषाचार्य हुए हैं जिन्होंने अपने सटीक भविष्यवाणी के माध्यम से अपने नाम को तिरोहित किया है निसंदेह कलमकार का दृष्टांत आज एक ऐसे ज्योतिषाचार्य की ओर संकेत कर रहा है जिन्होंने कुछ महीनों पहले अपनी ज्योतिष गणना के आधार पर ब्यावर के जिले बनने के संकेत दिए थे वर्तमान में भले ही राजस्थान में अनेक ज्योतिषाचार्य हैं लेकिन कलमकार जिस ज्योतिषाचार्य की ओर संकेत कर रहे हैं वह निशुल्क ज्योतिष गणना के आधार पर अपने पास आने वाले लोगों की समस्याओं का निवारण करते हैं उस शख्सियत का नाम पंडित मदन लाल ज्योतिषाचार्य है जिन्होंने कुछ माह पूर्व अपनी ज्योतिष गणना के आधार पर ब्यावर के जिले बनने के संकेत दिए थे शुक्रवार को माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने 19 जिलों की घोषणा में ब्यावर का नाम भी जिला बनने की लिस्ट में शामिल किया था जिससे यह परिलक्षित होता है कि कुछ महीना पहले ज्योतिषाचार्य के द्वारा की गई भविष्यवाणी बिल्कुल सत्य एवं सटीक साबित हुई है वास्तव में इस तरह के ज्योतिषाचार्य अपनी कर्म स्थली से ही अपने स्वयं के नाम को लोगो के मध्य तिरोहित करते हैं जैसे ही जिले की घोषणा हुई तो ज्योतिषाचार्य के शुभचिंतकों ने उनको बधाई देना प्रारंभ किया।



## मौसम का मिजाज बिगड़ा तेज आंधी के साथ बारिश ने शहर को भिगोया



गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर जो राजस्थान में अजमेर जिले की हृदय स्थली के रूप में लोकप्रिय है शुक्रवार को दोपहर के वक्त अचानक मौसम ने पलटी मारी देखते देखते तेज आंधी के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ बारिश ने पूरे शहर को भिगोया बिजली की कड़ाके की आवाज आसमान से तिरोहित नजर आ रही थी वैसे मौसम विभाग ने पिछले दिनों मौसम के बिगड़ने का अलर्ट जारी किया था इधर बारिश का दौर चल रहा था इधर बारिश के दौर में भी चमन चौराहे स्थित है एक नन्ही मुन्नी बच्ची सब्जी बेचने में तिरोहित नजर आ रही थी ऐसा कहा जाता है कि पेट की आग क्या नहीं करवा देती है इधर तेज हवा के साथ आंधी चल रही थी एवं बारिश आ रही थी हाथ में छाता लिए हुए पानी से सब्जियों को बचाती हुई उक्त नन्ही मुन्नी बच्ची नजर आ रही थी उक्त दृश्य हर किसी को आकर्षित करने वाला परिलक्षित था।

## तिलपट्टी के शहर में दशा माता के व्रत को लेकर महिलाओ में काफी उत्साह

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शुक्रवार को शहर में प्रातः काल से ही दशा माता के व्रत को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला सुख-समृद्धि और धन-सपंत्ति की कामना के साथ दशा माता पूजन करती हुई महिलाएं परिलक्षित नजर आई वैसे देखा जाए तो संपूर्ण भारत में सुख-समृद्धि और धन-संपत्ति की कामना को लेकर दशा माता का पूजा अर्चना की जाती है पीपल वृक्ष का पूजन कर कच्चे सूत का डोरा भेट किया जाता हैं ऐसी मान्यता है कि होली का पर्व के पश्चात दशा माता का व्रत-पूजन कर महिलाए सुख-समृद्धि और पारिवारिक दशा सुधारने की कामना के लिए दशा माता का पूजन करती है पौराणिक कथाओ में यह मान्यता रही है कि माता पार्वती की स्वरूप दशा माता का यह पूजन चैत्र कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को किया जाता है साथ ही सुहागिन महिलाएं उन मंदिरों में जाती है जहां पीपल का पेड़ विद्यमान रहे एवं उन मंदिरों में सामूहिक रूप से राजा नल और रानी दमियंती की कथा भी सुनती हैं साथ





ही दशा माता की महिलाएं पूजा अर्चना करके गले में डोरा भी पहनती है यह डोरा कच्चे सूत का 10 तार का डोरा रहता है उसमें 10 गांठ लगाई जाती है साथ ही एक बार व्रत करने के बाद उसे जीवन पर्यंत करना चाहिए। पूजा के बाद घर के मुख्य द्वार के दोनों ओर हल्दी और कुमकुम से रेखाचित्र बनाए जाते है इस तरह से महिलाएं दशा माता का व्रत कर अपने घर के सुख और समृद्धि की कामना करती है वास्तव में तिलपट्टी के शहर में दशा माता के व्रत को लेकर काफी उत्साह नजर आया।

## राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उत्तरी खारिया मे कक्षा अष्टम के विद्यार्थियों का विदाई समारोह

### विदाई समारोह के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के बतौर देवीलाल दादरवाल ने की शिरकत

गरीबों का सितारा

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल)।** शहर के निकटवर्ती राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उत्तरी खारिया मे कक्षा आठ के बालक- बालिकाओं का विदाई समारोह का कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रममें मुख्य अतिथि न्यू मॉडर्न एजुकेशन ग्रुप चेयरमैन देवीलाल दादरवाल सरपंच खारिया रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहनलाल राजोरिया ने की व विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्डपंच गोवर्धनराम कुमावत, जैसाराम जायलवाल ,रामलाल जायलवाल सुरेश दादरवाल रहे। मुख्य अथिति खारिया सरपंच देवीलाल दादरवाल ने बच्चों को हमेशा सफल होने के लिए नियमित और कठिन परिश्रम करने की बात कही साथ ही विद्यालय की दो जरूरतमंद बालिकाओं को कक्षा 9 से 12 तक पढ़ाई का सारा खर्चा खुद द्वारा उठाए जाने की पहल की जिससे बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके तथा विद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों की सहमति प्रदान की। प्रधानाध्यापक विष्णु कुमार सोनी ने निरंतरता और अनुशासन को लक्ष्य प्राप्त करने का महत्वपूर्ण जरिया बताया ।विद्यालय प्रबंधन समिति एवं समस्त स्टाफ ने सरपंच खारिया श्री देवीलाल दादरवाल को विद्यालय में प्रोजेक्टर भेंट करने पर भामाशाह के रूप में साफा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने विद्यालय में 5 पानी के कैन विद्यार्थियों के लिए प्रदान किए।कार्यक्रम का संचालन बनवारी लाल कुमावत ने किया तथा अध्यापक हरदेवाराम, सुनीता बडगूजर ,सुनीता चौधरी गोरधन लाल कुमावत





,निशा अग्रवाल ,सुनीता कुमारी, मन्नू, व भंवर कंवर उपस्थित रहे।

## ग्राम विकास अधिकारी को थमाया नोटिस

### विकास अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कम प्रगति पर आवासों का कार्य मिलने पर दिया नोटिस

गरीबों का सितारा

**रामगढ़ पचवारा ।** उपखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत सोनड, हेमल्यावाला, कालूवास, कल्लावास मे प्रधानमंत्री आवासो का विकाश अधिकारी प्रियंका मीणा ने निरीक्षण किया।जिसमें ग्राम पंचायत सोनड व हेमल्यावाला मे कम प्रगति पाये जाने पर विकास अधिकारी ने गहरी नाराजगी जाहिर की व ग्राम पंचायत सोनड व हेमल्यावाला ग्राम विकास अधिकारी का कम प्रगति पाये जाने पर नोटिस थमाये ग्राम पंचायत सोनड मे 5 आवासो का व ग्राम पंचायत हेमल्यावाला मे 6 आवासो का ग्राम पंचायत कालूवास मे 2 व ग्राम पंचायत कल्लावास मे 2 आवासो का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास प्रभारी कमलेश मीना एम आई एस कन्हैयालाल सैनी ग्राम विकास अधिकारी छोटे लाल बैरवा आदि मौजूद रहे।



## स्वर्णकार समाज के सामूहिक गणगौर उद्यापन को लेकर मिटिंग का हुआ आयोजन





गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर में श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार नवयुवक संस्थान के तत्वाधान में गणगौर उद्यापन की तैयारियों हेतु समाज के महिला पुरुषों की एक बैठक गुरुवार को आशीर्वाद रेस्टोरेंट में आयोजित हुई जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया आगामी 23 मार्च गुरुवार को रांका जी की बगेची में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तावित है जैसे मेहंदी का कार्यक्रम , हल्दी कार्यक्रम , महिला संगीत इत्यादि इसी तरह 24 मार्च शुक्रवार को गोविंद भगवान मंदिर तेजा चौक पर महिलाएं एकत्रित होकर सुभाष उद्यान से कलश यात्रा (जैला) लेकर रांका जी की बगेची तक जाने का कार्यक्रम रहेगा गणगौर पूजन के पश्चात भोजन प्रसादी का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है उक्त बैठक में सुरेंद्र ,प्रदीप,गिरीश, लक्ष्मीनारायण सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति विद्यमान रहे।

## गोपाल जयसवाल बने कांग्रेस पार्टी से सचिव

### अलवर शहर के गणेश मार्केट में गणेश जी के मंदिर पर गोपाल जयसवाल को कांग्रेस का सचिव बनाने पर व्यापारियों ने किया जोरदार स्वागत

गरीबों का सितारा

**रूपेश शर्मा, अलवर।** अलवर शहर के कांग्रेस के जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा जी और कांग्रेस के नए सचिव बनाने पर गणेश मार्केट के व्यापारियों ने गोपाल जयसवाल का जोरदार स्वागत किया, रिपु दमन गुप्ता, जेडी आर्य, फूल चंद्र मिश्रा, साजिद, राजेश विरवानी, महंत जय राम, किशन कुमार खंडेलवाल, शैलेंद्र अवस्थी, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने गरीबों का सितारा न्यूजपेपर की टीम को बताया कि हम सभी खुश है आज गणेश मार्केट समिति के व्यापारियों ने हम सभी कांग्रेसियों का





जोरदार स्वागत किया उसके लिए हम धन्यवाद देते हैं कांग्रेस के सचिव गोपाल जयसवाल को बनाने की खुशी में पूरे व्यापारियों में खुशी का माहौल है सभी व्यापारियों ने मिलकर गोपाल जयसवाल का जोरदार स्वागत किया उन्हें मिठाई खिलाई, गोपाल जयसवाल ने व्यापारियों से वादा किया है अगर कोई व्यापारियों पर कोई आंच आएगी तो मैं उन्हें हमेशा दुख सुख में खड़ा मिलूंगा उन्होंने सभी व्यापारियों को धन्यवाद दिया है।

## चिरंजीवी रजिस्ट्रेशन व आयुष्मान कार्ड की ईकेवाईसी करने के निर्देश प्रदान किए गए

गरीबों का सितारा

**रामगढ़ पचवारा, वरुण कामदार।** ब्लॉक रामगढ़ पचवारा की ब्लॉक स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया डॉ धीरज कुमार शर्मा ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी लालसोट के द्वारा मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना मे रजिस्ट्रेशन से वंचित परिवारों का रजिस्ट्रेशन, आयुष्मान कार्ड ई-केवाईसी करने, एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम, एएनसी, नियमित टीकाकरण,एमआर लेमिनेशन सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने हेतु एएनएम सीएचओ को निर्देशित किया गया, साथ ही समस्त चिकित्सा संस्थानों पर मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के अंतर्गत आने वाली समस्त दवाइयां व मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के अंतर्गत आने वाली समस्त जांचें मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध करवाने के निर्देश प्रदान किए गए के दौरान डॉ लखन सिंह पीएमओ रामगढ़ पचवारा, डॉ. वीरेंद्र शर्मा उप जिला चिकित्सालय रामगढ़ पचवारा, डॉ. संदेश गुप्ता पीएससी कल्लावास, डॉ. पवन शर्मा सीएचसी राहुवास, डॉ. प्रमोद मीना कोलीवाडा उपस्थित रहे।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# सनातनियों की भावना से खिलवाड़ न करें

भगवान श्रीराम कौन हैं, क्या हैं, कैसे हैं, क्यों हैं, यह सवाल तो होना ही नहीं चाहिए। हर भारतवंशी ही नहीं बल्कि हर सनातनी चाहे वो दुनिया में कहीं भी रहता हो, श्री राम उसके दिल में बसते हैं, रोम-रोम में रहते हैं। हर कोई भगवान राम को जानता है। हर हिंदुस्तानी राम को पूजता है। हर भारतवंशी का राम से वास्ता है। मगर इसी धरा पर कुछ महानुभाव ऐसे भी हैं, जो महज अपने फायदे के लिए राम पर ही प्रश्नचिह्न लगाने की कोशिशों में लगे रहते हैं। जो राम को जानते हैं वो तुलसीदास और वाल्मीकि को भी पूजते हैं। यही वो संत हैं जिन्होंने राम को दुनिया से रूबरू करवाया। आज भी रामचरित मानस पाठ करते हुए ऐसा लगता है कि मानो भगवान श्रीराम सामने खड़े हों, लेकिन बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर के बाद यूपी में समाजवादी पार्टी के एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी रामचरित मानस को लेकर विवादित बयान दिया। मौर्य ने कहा कि कई करोड़ लोग रामचरित मानस को नहीं पढ़ते। यह तुलसीदास ने अपनी खुशी के लिए लिखा है। सरकार को रामचरित मानस के आपत्तिजनक अंश हटाना चाहिए या इस पूरी पुस्तक को ही बैन कर देना चाहिए। अब बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी कहते हैं कि हम तो रामायण को काल्पनिक मानते हैं। रामायण की बात करें तो राम से ज्यादा कर्मठ रावण थे। असल में अगर आप राम को देखेंगे तो श्रीराम इंसान को जीवन जीने की दृष्टि देते हैं। पूरी रामायण में श्रीराम भगवान की तरह सबकुछ चुटकी में सही करने का दावा नहीं करते। जब वो वनवास को निकले तो सुख सुविधाएं वर्जित नहीं थी, लेकिन उन्होंने सारे राजसी ठाठ त्याग दिए। किसी परिचित की सहायता भी नहीं ली। राम का वास्ता इक्ष्वाकु वंश से था। राम के पास धन, संपत्ति, वैभव और प्रभुत्व सबकुछ था। फिर भी घर से निकले, परिवार को छोड़ा, राजपाठ को त्याग दिया। सीता हरण होने पर वानरों की फौज बनाई। फौज को युद्ध कौशल की कला सिखाई। वे दुश्मन से निपटने के लिए साम, दाम, दंड, भेद का गुण बताते हैं। मां-पिता, भाई, पत्नी, समाज और देश की जिम्मेदारी हो तो संतुलन बनाए रखना समझाते हैं। अगर आज भी इंसान श्री राम की शिक्षाएं जीवन में धारण कर लें तो वही मर्यादा पुरुषोत्तम बन जाए। राम की परिभाषा, व्यक्तित्व, समाजवाद, परिवारवाद और राष्ट्रप्रेम को कलमबद्ध करने लगेंगे तो कई जन्म बीत जाएंगे। जिन्हें राम को नहीं मानना तो वो ना मानें। मगर किसी भी धर्म के आराध्य पर उंगली उठाना उचित नहीं है। क्योंकि नेता समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। समाज उनकी सुनता है, मानता है, तो उसका ये कर्तव्य है कि सही राह दिखाएं। अगर कोई राम को नहीं मानता है तो ना माने, लेकिन उपहास क्यों। सनातनियों के लिए राम आराध्य हैं और थे और रहेंगे। किसी के कुछ कह देने मात्र से किसी के विचार नहीं बदल सकते हैं। कहने वाले भी कौन, जो कुर्सी के लिए न जाने क्या-क्या जतन करने में लगे हैं, कैसी-कैसी बयानबाजी कर रहे हैं। उन्हें श्रीराम से सीख लेनी चाहिए। ऐसा राजकुमार जिसे राजा बनाया जाना है और वनवास दे दिया जाता है। वे राजा बनने पर खुश नहीं हैं और वनवास मिलने पर दुःखी नहीं। कुर्सी के लिए हद से गुजर जाने वाले नेता अगर ऐसे श्रीराम पर सवाल खड़े करें तो हर सनातनी को क्रोध आना स्वाभाविक है। जरूरी है कि नेता ऐसी बयानबाजी से पहले विचार करें। महज चंद वोटों के लिए करोड़ों लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ अच्छा नहीं।



जिरहनामा
कनक तिवारी

सरकार फिर भी खुलकर, जानबूझकर गैरकानूनी अत्याचार करती दंभोक्ति में कहती है 'जाओ हमारे खिलाफ अदालत से आदेश ले आओ।' गांधी की संविधान में खुली बेकदरी हुई है। पंचायत आधारित सरकार की उनकी सलाह को खारिज किया गया। गांधी ने हिन्दी उर्दू को मिलाकर हिन्दुस्तानी को देश की बुनियादी भाषा बनाने की पेशकश की थी। उनके शिष्यों मसलन गोविन्द दास, आचार्य धुलेकर और पुरुषोत्तमदास टंडन सहित कई ने हिन्दुस्तानी की मुखालफत करते उसे आने नहीं दिया। गांधी ने बहुत कुछ कहा था, जो भी अवाम के हक में हो जाना चाहिए था।

# चुप क्यों रहे पितामह ?


बीसवीं सदी के भारत में ऐसा वक्त आया जब बुजुर्ग, विचारशील और प्रभावशाली नेता निर्णायक क्षणों में चुप रहे। उससे आज मुसीबतों से जूझना पड़ रहा। कथा या मिथक है कौरव दरबार में द्रौपदी का चीरहरण महाराज धृतराष्ट्र के बेटे दुर्योधन के कहने पर छोटा भाई दुशासन करने चला। पितृ पीढ़ी के भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य बल्कि द्रौपदी के पांचों पति और कई सभासद अनाचार देखते खामोश रहे। हताश द्रौपदी ने उलाहना देते बांधव कृष्ण को आवाज़ दी। तब उसके शील की रक्षा हो सकी। भारत को आज एक नीति विचार ग्रंथ रास्ता दिखा रहा है। उसे केवल एक बार लगभग तीन सौ चुने हुए जनप्रतिनिधियों ने करीब तीन बरस की मशक्कत के बाद लिखा। उसमें स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों, बुद्धिजीवियों, प्रशासकों, कानूनदां इल्मी लोगों और प्रभावशाली नुमाइंदों का योगदान है। परोक्ष, तटस्थ और निष्पक्ष होकर इस बुनियादी पाठ की रचना की तार्किक समकालीन जांच की जाए। तो कई घटनाएं तकलीफदेह महसूस होती हैं।

इसमें शक नहीं संविधान बनाने की मूल जिम्मेदारी प्रारूप समिति के अध्यक्ष डा. अम्बेडकर को दी गई। अम्बेडकर के हुनर, लगन और परिश्रम से माकूल संविधान बनना मुमकिन हुआ। वे संविधान के हर अनुच्छेद को अपनी ज़हीन बुद्धि से संवारते और तराशते। फिर भी कुछ मौकों पर यह भविष्यपुराण लिखते पुरखों से गफलत हुई। विवादित है संविधान बनने के आखिर में 25 नवंबर 1949 का अम्बेडकर का भाषण। जब उन्होंने गांधी के जनवादी सिद्धांतों की खुली मुखालफत की। चुने हुए प्रतिनिधियों का मौन समर्थन उन्हें मिला। इन चुप्पियों को इतिहास माफ नहीं कर पाएगा। आज़ादी के आंदोलन के सबसे बड़े मसीहा गांधी की हत्या 30 जनवरी 1948 को की गई। फकत पौने दो साल में संविधान सभा में गांधी के सिद्धांतों की आलोचना हुई। सभी वरिष्ठ नेता मुंह पर पट्टी बांधे बैठे थे, जिन्हें गांधी का सिपहसालार समझा और कहा जाता है। देश ने आज़ादी के लिए अहिंसा को केन्द्र में रखकर महान जनवादी आंदोलन किया। अंगरेज़ की भारत से रुखसती का कारण गांधी के वक्तन बावक्तन चलाए गए आंदोलनों का हासिल रहा है। 1917 में चंपारण में नील आंदोलन, गुजरात के खेदा और दांडी में नमक सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन में लगातार जनता ने कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्रपिता का साथ दिया। नागरिकों के लिए मूल अधिकारों की मूल प्रेरणा अमेरिकी संविधान से ली तो गई है और ब्रिटिश और फ्रांसीसी संविधान परंपराओं से भी। जनोन्मुखी भाषा में संविधान की नागरिक अधिकारों की इबारत लिखी गई। वहीं गांधी के सिद्धांतों की आत्मा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता या संघ या संगम बनाने या हर तरह के सरकारी जुल्म का प्रतिकार करने के खिलाफ अवाम के एकजुट होकर जद्दोजहद करने की ये प्रतिज्ञाएं हैं। अचरज है अम्बेडकर ने कहा जनता को अपने अधिकारों को पाने केवल संविधान में दिया गया रास्ता अपनाना है। ज़ोर देकर कहा देश सिविल नाफरमानी, असहयोग और सत्याग्रह का रास्ता खारिज करे, छोड़ दे। आज़ादी के ये महान सूत्र तो गांधी ने दिए थे। जहीन अम्बेडकर संविधान रचने की उद्दाम कोशिश के बावजूद स्वतंत्रता आंदोलन के सिपाही नहीं थे। बंगाल से संविधान सभा के लिए मुस्लिम लीग के समर्थन से चुने जाने के बाद बंगाल का ही विभाजन हो गया।

गांधी की पहल पर अम्बेडकर को नेहरू, पटेल और राजेन्द्र प्रसाद कांग्रेस के समर्थन से संविधान सभा में लाए। अम्बेडकर अपनी तार्किकता में बयान दे गए कि नागरिकों को सिविल नाफरमानी, असहयोग और सत्याग्रह का रास्ता छोड़ना है। गांधी के अनुयायियों की चुप्पी देखते आगे कहा कि आर्थिक तथा सामाजिक मकसदों को हासिल करने के लिए यदि कोई रास्ता नहीं ही बचे, तब कभी कभार बहुत सीमित मात्रा में इन रास्तों पर चलना षायद हो सके। कहा कि संविधान में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में किसी भी नागरिक द्वारा दस्तक देने का अधिकार अवाम में जज़्ब कर दिया गया है। अब सत्याग्रह की थ्योरी का किसी भी हाल में इस्तेमाल नहीं करना है। उत्साह में यहां तक कह दिया कि ये रास्ते अराजक हैं और अराजकता पैदा करने के अलावा किसी मंज़िल तक नहीं पहुंचते। इन रास्तों को जितनी जल्दी छोड़ दें, देश के लिए उतना अच्छा। संविधान रचने की कार्यवाही 26 नवंबर 1949 को खत्म हुई। एक दिन पहले अम्बेडकर गांधी प्रणीत रास्तों को खारिज करने संबोधित कर रहे थे। गांधी के सिपहसालार नेहरू, पटेल, राजेन्द्र प्रसाद, कृपलानी, गोविन्द वल्लभ पंत, मौलाना आज़ाद, गोविन्द दास, अनंत शयनम आयंगर, राजगोपालाचारी वगैरह बिलकुल खामोश रहे। क्या उनके लिए गांधी इस कदर आप्रासंगिक हो चले थे? यह दस्तावेजी सबूत संविधान सभा की कार्यवाही में भविष्य के लिए दर्ज़ है। आज संविधान के सामने सवाल है देश के अवाम पर कोई सरकारी जुल्म हो तो वह क्या सिविल नाफरमानी, असहयोग, सत्याग्रह जैसे रास्तों को अख्तियार नहीं कर सकता? इस सिद्धांत से ही मज़दूरों की हड़ताल और अन्य संवैधानिक हथियारों की पैदाइश होती है। हालिया न भूतो न भविष्य किसान आन्दोलन गांधी की कालजयी समाजधर्मिता का नया आविष्कार है। संविधान की किताबी समझ के अनुसार आंदोलन करने के बदले सरकार से बातचीत करने या सुप्रीम कोर्ट में दस्तक देने के हक हुकूक थे। किसानों को सुप्रीम कोर्ट ले जाया भी गया, लेकिन हुआ टांय टांय फिस्स। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया, जादवपुर विश्वविद्यालय, हैदराबाद विश्वविद्यालय और न जाने कितने शिक्षा संस्थानों में गांधी की जनवादी संघर्ष की तकनीक की सफल परीक्षा तो ली गई। जयप्रकाश नारायण की अगुआई में 1974 में छात्र आंदोलन ने अपने आगोश में पूरा भारत ले लिया। वह भी गांधी की जनवादी अहिंसा की थ्योरी का विस्तार ही था। नतीजतन इंदिरा गांधी की सत्ता चली गई। ये सब आंदोलन केवल अदालतों की ड्योढ़ी पर जाकर प्रार्थना करते। तो पूरा इतिहास कुंठित हो जाता। संविधान का कालजयी क्षण होता जब गांधी की रणनीति को समर्थन मिलना इतिहास और भविष्य की ज़रूरत थी लेकिन वैसा नहीं हो सका। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार तय किया है कि असहयोग और हड़ताल करना भी जनता और मजदूरों का अधिकार है। शर्त है कि नागरिक अवज्ञा हिंसक नहीं हो। केवल उसे अदालतों तक पहुंचा दिया जाए, तो लोकतंत्र कहां पहुंचेगा? संविधान का पहला मुखड़ा है 'हम भारत के लोगों ने खुद अपना संविधान लिखा है और अपने आपको दिया है।' हमने सरकार, संसद, सुप्रीम कोर्ट तो क्या संविधान की रचना की है।

सरकार फिर भी खुलकर, जानबूझकर गैरकानूनी अत्याचार करती दंभोक्ति में कहती है 'जाओ हमारे खिलाफ अदालत से आदेश ले आओ।' गांधी की संविधान में खुली बेकदरी हुई है। पंचायत आधारित सरकार की उनकी सलाह को खारिज किया गया। गांधी ने हिन्दी उर्दू को मिलाकर हिन्दुस्तानी को देश की बुनियादी भाषा बनाने की पेशकश की थी। उनके शिष्यों मसलन गोविन्द दास, आचार्य धुलेकर और पुरुषोत्तमदास टंडन सहित कई ने हिन्दुस्तानी की मुखालफत करते उसे आने नहीं दिया। गांधी ने बहुत कुछ कहा था, जो भी अवाम के हक में हो जाना चाहिए था। वह भी संविधान के भाष्य बल्कि उसके किताबी पाठ में कहां हो पाया? यही कारण है भारत में सरकारी बदइंतज़ामी और न्यायिक अराजकता के दोहराव से जनता का जीवन दूभर है। अवाम इंसाफ पाने तक में पस्तहिम्मत हो गया है। गांधी के मौलिक योगदान के कारण संसार की सबसे बड़ी साम्राज्यवादी ताकत को भारत से हटना पड़ा। उसकी हुक्मउदूली या खारिजी नेताओं ने उसी दिन 1946 में तय कर ली थी जब भारत का आज़ाद होना तय हो ही गया था।

## सारा संसार



डल झील कांगड़ा जिले के तोता रानी गांव के पास पर स्थित एक सुरम्य झील है जिसकी गिनती हिमाचल प्रदेश की सबसे खूबसूरत झीलों में की जाती है। समुद्र तल से 1,775 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह झील पिकनिक स्पॉट के रूप में भी फेमस है जो पहाड़ों और ऊंचे देवदार के पेड़ों से घिरी हुई है।

## दुर्बलता से मनुष्य गुलाम बनता है : विवेकानंद



संकलित
दर्शन

गीता में कहा गया है- निरंतर काम करते रहो, उसमें आसक्त मत होओ। किसी बंधन में मत पड़ो। प्रत्येक वस्तु से अपने आपको स्वतंत्र बना लेने की शक्ति स्वयं में संचित रखो। वह वस्तु बहुत प्यारी क्यों न हो, तुम्हारा प्राण उसके लिए चाहे जितना ही लालायित क्यों ना हों, उसके त्यागने में तुम्हें चाहे जितना कष्ट क्यों न उठाना पड़े, फिर भी अपनी इच्छानुसार उसका त्याग करने की शक्ति मत खो बैठो। कमजोर न तो इह जीवन के योग्य हैं, न पर जीवन के। दुर्बलता से मनुष्य गुलाम बनता है। दुर्बलता के कारण ही मनुष्य पर सब प्रकार के शारीरिक और मानसिक दुख आते हैं। दुर्बलता ही मृत्यु है। लाखों-करोड़ों कीटाणु आज हमारे आसपास हैं, पर जब तक हम दुर्बल नहीं होते, जब तक हमारा शरीर अस्वस्थ नहीं होता, तब तक वे हमें कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकते। ऐसे करोड़ों दुखरूपी कीटाणु हमारे आसपास क्यों न मंडराते रहें, पर चिंता न करो। जब तक हमारा मन कमजोर नहीं होता, तब तक उनकी हिम्मत नहीं कि वे हमारे पास फटकें। उनमें ताकत नहीं कि वे हम पर हमला करें। यह एक बड़ा सत्य है कि बल ही जीवन है और दुर्बलता मरण। बल ही अनंत सुख है, चिरंतन और शाश्वत जीवन है और दुर्बलता ही मृत्यु। आज हम अपने मित्रों और संबंधियों में आसक्त हैं, हम अपने बौद्धिक और आध्यात्मिक कार्यों में आसक्त हैं, हम बाह्य वस्तुओं में आसक्त हैं। यह सब क्यों? इसलिए कि उनसे हमें सुख मिले।

## रिश्तों में घमंड आएगा तो पुराने रिश्ते भी बिखर जाएंगे



संकलित
प्रेरणा

प्रजापति दक्ष की पुत्री सती और शिवजी का विवाह हो गया था। दक्ष शिवजी को पसंद नहीं करते थे और समय-समय पर उनका अपमान करते रहते थे। दक्ष देवताओं के बड़े नेता थे। इस वजह से सभी देवता उनका सम्मान करते थे। एक दिन एक यज्ञ में शिवजी, विष्णुजी, ब्रह्माजी के साथ ही सभी देवता और ऋषि-मुनि शामिल हुए। यज्ञ में सभी बैठे हुए थे। तभी दक्ष प्रजापति भी यज्ञ में पहुंच गए। दक्ष को देखकर शिवजी को छोड़कर सभी देवता और ऋषि-मुनि उनके सम्मान में खड़े हो गए। जब सभी देवता और ऋषि-मुनि को अपने सम्मान में खड़ा देखकर दक्ष दक्ष का घमंड जाग गया। दक्ष ने इस बात पर गौर नहीं किया कि कौन-कौन खड़ा है, लेकिन इस बात पर ध्यान दिया कि कौन बैठा है। उस सभा में शिवजी ध्यान में बैठे हुए थे। इस कारण वे दक्ष के आने के बाद भी खड़े नहीं हुए। शिवजी को बैठा हुआ देखकर दक्ष सोचने लगे कि ये मेरे दामाद हैं, इस रिश्ते से ये मेरे पुत्र समान हैं, फिर भी ये बैठे हैं, मेरे सम्मान में खड़े नहीं हुए। ऐसा सोचते-सोचते ही दक्ष का गुस्सा बढ़ने लगा। दक्ष की बातें सुनकर शिवजी ने आंखें खोलीं और चुपचाप उनकी बातें सुनते रहे, लेकिन शिवजी का अपमान होते देखकर नंदी को गुस्सा आ गया। थोड़ी ही देर में वहां मौजूद सभी देवता और ऋषि-मुनि एक-दूसरे को शाप देने लगे। यज्ञ जैसा शुभ आयोजन था, लेकिन दक्ष के घमंड की वजह से पूरा कार्यक्रम ही बर्बाद हो गया।

## गुस्से में क्यों दिल्ली
विवेक शुक्ला



# मूर्ति ने क्यों दिखाया आईना

दिल्ली गुस्से में है। उसे बात-बात पर लड़ना-झगड़ना पसंद है। वह सुधरने का नाम ही नहीं ले रही है। आपे से बाहर होना दिल्ली का स्थायी भाव बन चुका है। दिल्ली ने अपनी डिक्शनरी से धैर्य शब्द को तो बहुत पहले ही निकाल कर बाहर फेंक दिया था। दिल्ली को पसंद है नियमों की अनदेखी करना और पकड़े जाने पर अपनी फलां-फलां से जान-पहचान का हवाला देना। अभी कुछ समय पहले पहले इंफोसिस टेक्नोलॉजीज के फाउंडर चेयरमैन एन. नारायणमूर्ति राजधानी में थे। उन्होंने दिल्ली वालों को कायदे से आईना दिखा दिया। उन्होंने एक दम सही कहा कि उन्हें दिल्ली में आकर डर लगता है। दिल्ली वाले ट्रैफिक नियमों को कतई नहीं मानते। उन्होंने एयरपोर्ट से अपने होटल तक जाते हुए देखा होगा कि दिल्ली वाले कितनी अकड़ में सड़कों पर कारें, मोटर साइकिलें और दूसरे वाहन दौड़ाते हैं। आप कभी राजधानी के इंदिरा गांधी इंटरनेशल एयरपोर्ट पर आइये। यकीन मानिए कि आप घबरा जाएंगे वहां पर फैली अराजकता से। एयरपोर्ट के बाहर आपको अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए टैक्सी लेने के लिए खासी मशक्कत करनी होगी। जरा सोचिए कि जब कोई विदेशी टूरिस्ट यहां आता होगा तो उसकी भारत को लेकर पहली छवि कितनी खराब बनती होगी। धीर-गंभीर नारायणमूर्ति जैसे इंसान की कठोर टिप्पणी के बाद दिल्ली को सोचना होगा कि उसकी कमी कहां है? नारायणमूर्ति ने शायद ही किसी अन्य शहर के संबंध में इतनी बेबाक राय जाहिर की हो।

सच में, दिल्ली वाले बिना किसी बात के गर्मी में रहते हैं। हरेक दिल्ली वाला अपने को तीसमारखां समझता है। यहां पार्किंग स्पेस के लिए कत्ल हो जाना मामूली बात हो गई है। क्या बात-बात पर दिल्ली वालों को गाली-गलौच करना और मारपीट पर उतर आना शोभा देता है? गुस्ताखी माफ, आप चाहें तो दिल्ली को देश के गुस्सैलों की राजधानी का दर्जा दे सकते हैं। दिल्ली की नाक पर रहता है गुस्सा। शायद ही कोई दिल्ली वाला होगा जो हर दूसरे-तीसरे दिन सड़क पर गाली ना खाता हो या किसी अन्य को गाली ना देता हो। आप अपने दिल पर हाथ रख कर कह दीजिये कि आप सड़क पर अपना वाहन चलाते हुए आपा नहीं खोते। अगर आप सच में शांत तरीके से सड़क पर अपना व्हीकल चलाते हैं तो आपको इनाम मिलना चाहिए। ये आप मानेंगे कि गुस्सा बहुत समझदार होता है। गुस्सा कमजोर पर आता है। छोटी कार वाला बड़ी कार वाले से झगड़ा नहीं करेगा। गुस्से पर कंट्रोल तो दिल्ली को करना होगा। फिलहाल दिल्ली का गुस्सा उस पर भारी पड़ रहा है। दिल्ली को कुछ तो करना होगा। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में से एक होने के साथ-साथ सबसे गुस्सैल राजधानी भी मानी जा सकती है। यहां पर शाम ढलते ही दर्जनों जगहों पर लोग सड़क के दायें-बायें अपनी कारें खड़ी करके शराब पीने लगते हैं। वे लाख समझाने के बाद भी बाज नहीं आते। दिल्ली देश के बाकी शहरों से ज्यादा कारें खरीदती है। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से हर महीने बड़ी तादाद में लोग सैर-सपाटा के लिये निकलते हैं। ये देश का सबसे बिजी एयरपोर्ट बन चुका है। दिल्ली में लक्जरी कारों से लेकर महंगे मोबाइल फोन की भरपूर बिक्री होती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महंगाई पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार

महंगाई के कारण गरीब और मध्यम वर्ग परेशान होकर रह गया है। केंद्र सरकार को महंगाई के विषय पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। इससे यह पता चल सकेगा कि जीएसटी के कारण कितनी महंगाई बढ़ी है, जीएसटी के रूप में जो राजस्व एकत्र होता है, उसका कितना हिस्सा केंद्र को जाता है और कितना हिस्सा राज्यों को जाता है। इसी तरह केंद्र और राज्य सरकारों का दायित्व तय किया जा सकता है। फिलहाल केंद्र और राज्य सरकारें एक-दूसरे पर महंगाई बढ़ने का ठीकरा फोड़ रही हैं।

- जयेश चक्रवर्ती, रायगढ़

## ट्रेंड

### स्थापित होंगे मेगा पार्क



पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क फार्म, फाइबर, फैक्ट्री, फैशन और फॉरेन विजन के अनुरूप कपड़ा क्षेत्र को बढ़ावा देगा। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ये पार्क तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, एमपी और यूपी में स्थापित होंगे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मानव बुद्धि का उपयोग



यदि मानवीय संघर्ष मानव बुद्धि के दुरुपयोग से निर्मित होते हैं तो हम बुद्धि का उपयोग उन पर काबू पाने के तरीकों और साधनों को खोजने के लिए कर सकते हैं। जब अच्छाई का उपयोग किया जाता है तो सभी कार्य रचनात्मक हो जाते हैं।

-दलाई लामा, आध्यात्मिक नेता

### बेहतर होगा चला जाऊं



भारत की पारी की शुरुआत में मैं हौसला बढ़ाने आया था। मैंने सोचा था कि यह जीत का क्रूज होगा। लेकिन हमने तीन विकेट खो दिए हैं। इससे पहले कि मुझे इसका कारण बनाकर सूली पर चढ़ाया जाऊं, बेहतर होगा कि मैं चला जाऊं।


-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### जरूरतमंदों की मदद




आपका सामर्थ्य सदैव आपकी तपस्या और परिश्रम का ही प्रतिफल हो यह बिल्कुल ज़रूरी नहीं है। कई बार तो ईश्वर आपको केवल इसलिए संसाधन-संपन्न बनाता है क्योंकि वह स्वयं घर-घर जाकर आपके आस-पास के सभी ज़रूरतमंदों की मदद नहीं कर सकता।

-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि




## करंट अफेयर


# यूक्रेन को लड़ाकू विमान देने वाला पोलैंड पहला नाटो देश



पोलैंड ने घोषणा की कि वह रूस के आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन को मिग-29 लड़ाकू विमान देने की योजना बना रहा है। इसी के साथ वह रूस से निपटने के लिए तत्काल लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने की यूक्रेन की मांग को पूरा करने वाला पहला नाटो (उत्तर एटलांटिक संधि संगठन) देश बन जाएगा। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने कहा कि वॉरसॉ 'अगले कुछ दिनों में' यूक्रेन को सोवियत-निर्मित चार मिग-29 लड़ाकू विमान देगा। उन्होंने कहा कि अन्य लड़ाकू विमानों को मरम्मत की जरूरत है, लिहाजा इनकी आपूर्ति बाद में की जाएगी। डूडा ने संकेत दिए कि पोलैंड यूक्रेन को 11 से 19 मिग-29 लड़ाकू विमान उपलब्ध करा सकता है। उन्होंने कहा, 'ये विमान अपनी परिचालन अवधि के अंतिम वर्षों में हैं, लेकिन इनकी हालत अच्छी है।' पोलैंड के राष्ट्रपति ने इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की कि क्या अन्य नाटो देश भी वॉरसॉ के नक्शेकदम पर चलते हुए यूक्रेन को लड़ाकू विमान उपलब्ध कराएंगे। हालांकि, स्लोवाकिया भी यूक्रेन को अपने अप्रयुक्त मिग लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने की मंशा जाहिर कर चुका है।

## ऑफ बीट

# एक गोल्डीलॉक्स तारा बताता है पृथ्वी तक कैसे पहुंचता है पानी



पानी के बिना, पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व नहीं हो सकता था। ब्रह्मांड में पानी के इतिहास को समझना यह समझने के लिए महत्वपूर्ण है कि पृथ्वी जैसे ग्रह कैसे बने। खगोलविद आमतौर पर अंतरिक्ष में अलग-अलग अणुओं के रूप में बनने से लेकर ग्रहों की सतहों तक पहुंचने तक की यात्रा को 'पानी की यात्रा' के रूप में संदर्भित करते हैं। यह यात्रा तारों के बीच में पगडंडी की तरह हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस के साथ शुरू होती है और ग्रहों पर महासागरों और बर्फ की चोटियों के साथ समाप्त होती है, इसमें बर्फीले चंद्रमा गैस भंडारों और बर्फीले धूमकेतुओं और क्षुद्रग्रहों की परिक्रमा करते हैं जो सितारों की परिक्रमा करते हैं। इस पगडंडी का आरंभ और अंत देखने में आसान है, लेकिन मध्य एक रहस्य बना हुआ है। मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो रेडियो और इन्फ्रारेड टेलीस्कोप से अवलोकन का उपयोग करके सितारों और ग्रहों के गठन का अध्ययन करता है। एक नए पेपर में, मैं और मेरे सहयोगी पानी के रास्ते के इस छिपे हुए मध्य भाग से बने पहले माप का वर्णन करते हैं और इन निष्कर्षों का पृथ्वी जैसे ग्रहों पर पाए जाने वाले पानी के लिए क्या मतलब है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### ब्राह्मण महापंचायत में आने वाले वाहनों के टोल मुक्त एवं सुगम ट्रैफिक व्यवस्था के लिए उप जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन




गरीबों का सितारा

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** 19 मार्च को जयपुर में होने वाली ब्राह्मण महापंचायत को लेकर शुक्रवार को विप्र सेना एवं चाणक्य परिवार बस्सी ने बस्सी उप जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसमें महापंचायत में आने वाले सभी वाहनों को टोल मुक्त करवाने और ट्रेफिक व्यवस्था में पार्किंग की सुगम व्यवस्था के लिए उप जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है जिससे कि आने वाले विप्रो के साथ जिले के अन्य लोगो को भी असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान मौके पर पूर्व प्रधान बजरंग लाल बोहरा, रोहित शर्मा खेडी,दिनेश शर्मा, लल्लू शर्मा ,विक्रम शर्मा ,दामोदर शर्मा ,अनिल शर्मा ,रामजीलाल, रामस्वरूप ,प्रकाश भारद्वाज सहित अनेक विप्र बंधु उपस्थित रहे।

### मत्स्य महोत्सव कार्यक्रम का आज से रैणी-उपखंड क्षेत्र के माचाड़ी कस्बे में शुभारंभ

गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के माचाड़ी कस्बे मे शनिवार से मत्स्य महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हो रहा है जो शनिवार व रविवार को दो दिन तक प्रगतिशील लेखक संघ, दिल्ली ईकाई के सानिध्य में आयोजित हो रहा है। आप सभी को जानकर अति हर्ष होगा कि हमारे रैणी ब्लॉक के माचाडी कस्बे में मत्स्य सहित्य महोत्सव का आयोजन 18-19 मार्च( शनिवार-रविवार ) को होने जा रहा है जिसमें देश के नामी प्रसिद्ध साहित्यकार और बौद्धिक चिंतक आ रहे हैं। आप में से जो भी आमजन कार्यक्रम को देखना चाहता है उन सभी रैणी प्रशासन का बहुत बहुत स्वागत करता है। हमारे लिए गर्व की बात यह भी है कि जो साहित्य समारोह जयपुर , दिल्ली, इंदौर जैसे शहरों में होते हैं वे अपने छोटे से कस्बे में आ रहे हैं यही हमारे लिए सबसे बड़ी गर्व की बात है।।

### बस्सी चारणवास से लापता छात्र का 6 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं

गरीबों का सितारा

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** बस्सी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुधली के ग्राम चारणवास से लापता 15 वर्षीय छात्र दामोदर प्रसाद मीणा 11 मार्च को सुबह स्कूल जाने कि कहकर घर से निकला था और वह जब शाम तक भी वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने अपने आस पास और रिश्तेदारों के पास पता किया तो कुछ भी पता नहीं चला तब 12 मार्च को छात्र के पिता कैलाश चन्द मीणा ने पुलिस थाना बस्सी में अपने पुत्र की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई लेकिन आज 6 दिन बाद भी पुलिस छात्र का कुछ भी सुराग नहीं लगा पाई जब हमारे संवाददाता रामफूल मीणा ने जब परिजनों से बात कि तो छात्र के परिजनों ने बताया कि अभी तक पुलिस प्रशासन के द्वारा इस गुमशुदगी के मामले कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई है हमने हमारे स्तर पर सभी जगह खुब तलाश कर लिया है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है और छात्र की मां का रो रोकर बुरा हाल है और गुमशुदा छात्र के भाई राकेश ने बताया कि हमने हमारे स्तर पर सभी जगह खुब तलाश कर लिया है लेकिन अभी तक पुलिस प्रशासन के द्वारा कोई भी संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई है।



### रोजदा में प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार और खेल मैदान की घोषणा

#### समाजसेवी उत्तम शर्मा सीएम का जताया आभार



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** जालसू ब्लॉक की ग्राम पंचायत रोजदा में श्री ठाकुर गोपाल जी मंदिर और खेल मैदान के लिए आज बजट 2023 में मुख्यमंत्री ने विस अध्यक्ष के निजी सहायक उत्तम शर्मा की मांग पर दो बड़ी सौगात दी है। समाजसेवी उत्तम शर्मा ने बताया कि बजट 2023 में मुख्यमंत्री ने पांच बड़ी सौगात ग्राम पंचायत रोजदा को दी है। ग्राम पंचायत रोजदा को बजट 2023 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्युत विभाग का सहायक अभियंता कार्यालय, जलदाय विभाग का कनिष्ठ अभियंता कार्यालय की पहले ही सौगात मिल चुकी है और शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने श्री ठाकुर गोपाल जी के मंदिर के जीर्णोद्धार एवं खेल मैदान की घोषणा की। जिसके चलते ग्रामीणों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर उत्तम शर्मा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर सीपी जोशी और कृषि मंत्री लालचंद कटारिया का आभार प्रकट किया।

### गंगापुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास से मनाया दशा माता का पर्व



**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** नगर सहित क्षेत्र में शुक्रवार को दशा माता का पर्व पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाया गया। महिलाओं ने विशेष श्रंगार कर पीपल के पेड़ की पूजा अर्चना की तथा महिलाओं ने समूह में बैठकर दशामाता की कहानियां कहीं और सुनी व गले में बेल धारण कर अपने परिवार की खुशहाली की कामना कर व्रत रखा।

# दिव्यांग बच्चों की सेवा ईश्वर की सच्ची सेवा है : मीना

## दस दिवसीय सांकेतिक भाषा आवासीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** समग्र शिक्षा अभियान राजगढ़ की ओर से कस्बे के समीपवर्ती रा.उ.प्रा.वि.- डाबला मीना में आयोजित दस दिवसीय सांकेतिक भाषा आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर दयाल मीना के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल कुमार मीना व कनिष्ठ अभियंता त्रिलोक शर्मा रहे। कार्यक्रम संयोजक संदर्भ शिक्षक विशेष शिक्षा के लखन सिंह गुर्जर ने बताया कि दिव्यांग शिक्षा में बढ़ावा एवं उचित सम्प्रेषण हेतु



मुकबधिर छात्र-छात्राओं का सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 8 मार्च से किया गया था। प्रशिक्षण शिविर में 10 दिवसों में मूकबधिर बालक-बालिकाओं को सांकेतिक रूप से अपने विचार व्यक्त करने हेतु एवं शिक्षा में सहयोग हेतु सांकेतिक भाषा में दक्ष प्रशिक्षक वरिष्ठ शिक्षिका अंजू रानी द्वारा सिखाई गई। कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर दयाल मीना ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की सेवा ईश्वर की सच्ची सेवा है। इन बच्चों की शिक्षा हेतु विभाग पूर्णतः समर्पित है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों व अभिभावकों से अपील की कि इन बच्चों के प्रति बिना भेदभाव के सच्चे मन से कार्य करें। दिव्यांग बच्चों को दया, सहानुभूति की नहीं बल्कि सहयोग की आवश्यकता है। प्रशिक्षण में राजगढ़, लक्ष्मणगढ़, रैणी तथा कठूमर ब्लॉक के 40 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान रितेश, बलवीर, जितेंद्र, हेमंत, महेंद्र, गुड्डी बाई, अंकुर मीना तथा पूजा गुर्जर, रूपकंवर, सोहनलाल मीना उपस्थित रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी राजगढ से राजकुमार गुप्ता के द्वारा दी गई है।

### हँस कॉलेज के पास हुई फायरिंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

#### लुटी गई मोटरसाईकिल बरामद

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा कोटपूतली।** कोटपूतली थाना पुलिस ने विगत 10 मार्च को कस्बे के हँस कॉलेज के पास हुई फायरिंग के आरोपी को गिरफ्तार करते हुए घटना में लुटी गई बाईक बरामद की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवादी ढ़ाणी म्याऊ वाली निवासी रामपत पुत्र जयराम बावरिया ने मामला दर्ज करवाया था कि 10 मार्च की सुबह 11 बजे उसका पोता मोटरसाईकिल लेकर जा रहा था। हँस कॉलेज के पास पहुँचा तो 7-8 बदमाश उसके पोते को घेर कर बाईक छीनने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से देशी कट्टे से फायरिंग कर बाईक छीनकर फरार हो गये। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम का गठन करते हुए विभिन्न सुत्रों से सूचना जुटाकर मुख्य आरोपी 24 वर्षीय श्याम सुंदर उर्फ सीताराम पुत्र रामफल गुर्जर निवासी बासड़ा थाना हरसौरा अलवर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटी हुई बाईक को बरामद कर लिया। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### एआईसीसी ने डॉ.सी.बी.यादव को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष की सौंपी कमान

#### डॉ. सी.बी.यादव बने राजस्थान प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष

गरीबों का सितारा

**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री के.सी.वेणुगोपाल ने शुक्रवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़के एवं राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी नटराजन की अनुशंसा पर राजस्थान विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर एवं कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ.चातुर्भुज यादव (डॉ.सी.बी.यादव) को राजस्थान प्रदेश के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया है। बता दे कि डॉ.सी.बी.यादव वर्तमान में राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं साथ ही काफी लंबे समय से प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रशिक्षक के तौर पर कार्य कर रहे थे। डॉ.यादव ने भारत जोड़ो यात्रा में अंतर्राज्यीय भारत यात्री के रूप में भागीदारी निभाई थी ' डॉ.यादव के नेतृत्व मे भारत जोड़ो यात्रा का अभियान जयपुर जिले में 150 किलोमीटर की सफलतापूर्ण यात्रा के साथ संपन्न हुआ था । डॉ सी.बी.यादव ने प्रदेश अध्यक्ष की अपनी इस नियुक्ति पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मलिकार्जुन खड़के, आरजीपीआरएस की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी नटराजन, पीसीसी अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि आप सब ने जो मुझ पर विश्वास जताकर इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है उसके लिए मै डॉ सी बी यादव आप सब का तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।



### युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन!

गरीबो का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** ग्राम पंचायत सरेरी में श्री बालाजी मंदिर प्रांगण में पंचायत समिति हुरडा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नेहरू युवा केंद्र के ब्लॉक अध्यक्ष मनफूल चौधरी द्वारा एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधान राठौड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि युवाओं के जीवन में सफलता हासिल करने के लिए सही समय पर लिया गया निर्णय आपको हमेशा जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति प्रदान करेगा । अध्ययन काल में हमेशा सकारात्मक रहने , सोशल मीडिया का सदैव सदुपयोग करने, नशे से दूर रहने सहित युवाओं को बेहतर भविष्य निर्माण के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। सरेरी सरपंच प्रतिनिधि छोटु लाल गुर्जर, गढवालो का खेडा सरपंच हेमराज चौधरी सीएस राजू जाट मेवाड आई टी आई के निदेशक सुरेंद्र चौधरी,पीईईओ सूरज मल जैन, संस्थाप्रधान सुरेश चोधरी, हेमराज प्रजापत ,शंकर खाखल, सोनू रेगर,चौथमल नायक आदि ने युवाओं को अपने जीवन में सफल होने के लिए प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए प्रेरित किया। अतिथियों द्वारा खेल क्षेत्र एवं शिक्षा में अधिकतम अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बाबू लाल ,शंकर खाखल ,नरेंद्र, भंवर कुम्हार, रविंदर गुर्जर, सहित क्षेत्र के युवक युवतियां मौजूद रही।



### महिलाओं ने पीपल के वक्ष व दशा माता की व्रत रखकर पूजा अर्चना की!

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय क्षेत्र में महिलाओं ने शुक्रवार को दशा माता पर्व पर व्रत रखकर दशा माता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की! श्री राम मंदिर, चारभुजा नाथ मंदिर,श्री बालाजी मंदिर सहित स्थलों पर महिलाओं ने सुबह समूह में पीपल के वक्ष के निचे बैठकर दशा माता की पूजन सामग्री से विधिवत पूजा अर्चना की व दशा माता की कथा सुनी एवं पीपल के वक्ष के सूत का धागा बांधकर पूजा कर घर परिवार की समृद्धि की कामना की! वही ग्राम भोजरास में दशा माता की पूजा अर्चना करती हुई महिलाएं खुशहाली की कामना करती हुई इस अवसर पर रेखा देवी अजमेरा, टीना देवी मालपानी, कृष्णा देवी अजमेरा, चंचल देवी, भावना देवी, डोली देवी, सुशीला देवी, कैलाश देवी, हेमलता देवी, सहित ग्रामीण महिलाएं मौजूद थे।



### बेमौसम बारिश से किसानों की चिंता बढाई, खेतों में पक्की फसलों का खराबा हुआ

गरीबो का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय क्षेत्र में शुक्रवार शाम मौसम का बदला मिजाज, तेज हवाओं के साथ हुई बारिश। किसानों पर बारिश व हवा ने किया वज्रपात, हुए चिंतित, बहुत सी फसलें कटाई के बाद खेतों में ही पडी. गिली हुई होने से खराबा हुआ! अभी गांवों में गेहूं, चने,सरसों की पक्की हुई फसलों को किसान कटाई कर रहे है, बारिश से किसानों की चिंता बढी! वही बारिश से मौसम ठंडा हो गया, जिससे गर्मी में सर्दी का हुआ एहसास!

### माहेश्वरी महिला मंडल जिलाध्यक्ष सीमा कोगटा, जिला सचिव प्रीति लोहिया व कोषाध्यक्ष वंदना बाल्दी निर्वाचित

गरीबो का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन भीलवाड़ा की नवीन कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह माहेश्वरी सेवा संस्थान गंगापुर में हुआ। जिला सचिव प्रीति लोहिया ने बताया कि मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन मंत्री ममता मोदानी, प्रमुख अतिथि संयुक्त मंत्री पश्चिमांचल शिखा भदादा ने इस समारोह में संगठन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष सीमा कोगटा,जिला सचिव प्रीति लोहिया,कोषाध्यक्ष वंदना बाल्दी,एवं संगठन मंत्री दिव्या कालिया को शपथ दिला कर कार्यभार सौंपा। चंदा जागेटिया ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अनिला अजमेरा ने इस शपथ समारोह को संबोधित किया और महिलाओं को समाज के हर स्तर पर बढ़-चढ़कर सेवा और संस्कार के कार्य करने की प्रेरणा दी। जिला अध्यक्ष सीमा कोगटा ने बताया कि माहेश्वरी महिला संगठन में नवाचार करते हुए पहली बार किसी तहसील में जिला पदस्थापना कार्यक्रम रखा। कार्यक्रम में फाग महोत्सव फूलों की होली और कॉमेडी क्वीन प्रतियोगिता भी रखी गई कार्यक्रम में नगर माहेश्वरी महिला मंडल गंगापुर की अध्यक्ष चंदा जागेटिया, सचिव सीमा समदानी व कोषाध्यक्ष चंदा काबरा को भी शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मधु मूंदड़ा, हंसा मूंदड़ा, निशा समदानी, अनीता मूंदड़ा, ज्योति सोमानी, अंजलि सोमानी सहित जिले के सभी माहेश्वरी महिला मंडल से 150 से अधिक महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित थी। कार्यक्रम के अंत में आभार सीमा समदानी ने प्रेषित किया और संचालन मीनू झंवर ने किया।



### गंगापुर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा ,कलश स्थापना,यज्ञ महोत्सव 22 मार्च से

गरीबों का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** श्री बजरंग कीर्तन एवं सांस्कृतिक कला मंडल व समस्त धर्म प्रेमी भक्तजन गंगापुर के तत्वाधान में 22 मार्च 2023 से 30 मार्च 2023 तक श्री राम लक्ष्मण जानकी मूर्ति प्रतिष्ठा एवं मंदिर शिखर कलश स्थापना यज्ञ महोत्सव का आयोजन होगा ।मण्डल के मदन लाल तेली ने बताया कि 22 मार्च से प्रतिदिन दोपहर एक बजे से साँय 4 बजे तक संगीतमय रामकथा का आयोजन होगा साथ ही रात्रि 8 बजे भजन संध्या व नानी बाई का मायरा का वाचन होगा 30 मार्च को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व महाप्रसादी का आयोजन होगा मण्डल द्वारा आयोजित नो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर नगर में एक उत्साह का माहौल है ।



### अवैध खनन से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त, दो गिरफ्तार



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा कोटपूतली।** कोटपूतली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध बजरी खनन व परिवहन को लेकर लगातार अभियान चलाते हुए कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस ने अवैध बजरी का परिवहन कर रहे दो जनों को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त किया है। एसएचओ सवाई सिंह ने बताया कि अलग-अलग स्थानों पर अवैध बजरी का परिवहन कर रहे 46 वर्षीय दौलाराम पुत्र सूरजाराम गुर्जर निवासी ग्राम खेड़ा निहालपुरा, सरूण्ड व 38 वर्षीय प्रकाश पुत्र हरिराम मीणा निवासी ढ़ाणी ईसरावाली बानसूर को गिरफ्तार कर टैक्टर ट्रॉली को जप्त किया है।

### अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज मंदिर परिसर पर बनेगा पैनोरमा विधायक सांखला के प्रयास लाए रंग

गरीबो का सितारा

**आसींद।** विधायक जब्बर सिंह सांखला ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के बजट रिप्लाई में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आसींद विधानसभा में अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाईभोज मंदिर पर भव्य पैनोरमा निर्माण की मांग को पूरा किया है इससे गुर्जर समाज सहित क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है. सवाईभोज महंत श्री श्री 1008 सुरेश दास महाराज ने सहित क्षेत्रवासियों ने विधायक जब्बर सिंह सांखला का आभार ज्ञापित किया।



### 5 वर्ष से फरार स्थाई वारन्टी गिरफ्तार

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा कोटपूतली।** कोटपूतली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 5 वर्ष से फरार चल रहे एक स्थाई वारन्टी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसएचओ सवाई सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश में पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर फरार चल रहे स्थाई वारन्टी सफी मौहम्मद पुत्र सिकंदर मेव निवासी बाजौर थाना किशनगढ़बास जिला अलवर को गिरफ्तार किया है।

### 2 साल से फरार स्थाई वारंटीयों गिरफ्तार

गरीबो का सितारा




**वी.पी.मीणा बहरोड़।** नीमराणा पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को 2 साल से फरार दो स्थाई वारंटी आरोपीयों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी सुणिलाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश में लगातार वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के दौरान स्थाई फरार वारंटी हरियाणा के मानेसर निवासी ब्रह्मप्रकाश पुत्र परसराम यादव व पटौदी हरियाणा निवासी रवि उर्फ संदीप पुत्र सरजीत वाल्मीकि को गिरफ्तार किया गया।

### पुलिस ने फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** बहरोड़ पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को फरार स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी वीरेंद्र पाल विश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश में लगातार वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के दौरान स्थाई फरार वारंटी 46 वर्षीय बर्डोद निवासी ओमप्रकाश पुत्र राम कुमार मेघवाल को गिरफ्तार किया गया।

### चेटीचंड महोत्सव के सप्तदिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय शहर में चेटीचंड महोत्सव के सप्तदिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को विविध उपक्रमों द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सिंधु भवन गणपति स्थापना ,महिला मंडल द्वारा झूलेलाल को चोला चढ़ा, सर्वे भवन्तु सुखिन हितार्थ यज्ञ किया गया। तत्पश्चात सिंधु ध्वज का विधी विधान से पूजन कर शहनाई ढोल से नाचते गाते हुए पूज्य झूलेलाल मंदिर पर स्थापित किया गया । पंचायत अध्यक्ष लीलाराम चांदवानी द्वारा ज्योत प्रज्वलित कर भगवान झूलेलाल की आराधना की गई ।सचिव किशोर राजपाल के संचालन में घनश्याम जेठवानी जमनालाल मेठानी ,सुगन जेसवानी, प्रेमचंद दीनवानी , हरीश गन वानी, गोविंद राम चांदवानी, टेकचंद जेसवानीं, हरीश छतवानी, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष प्रकाश किशनानी, गुलशन हेमनानी ,दिनेश छतवानी , भरत चांदवानी, सुनील मेठानी, मुकेश मेठानी, अमित तीर्थवानी, नरेश छतवानी,प्रकाश छतवानी, भरत गवलानी, पीयूष लखवानी, महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति दिनवानी, मीना मेठानी,विद्या चांदवानी, ऊषा गनवानी ,दिव्या झमटानी , ज्योति तीर्थवानी आदि ने यज्ञ में आहुतियां डाल सक्रिय योगदान दिया ।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# जनसेवक पुष्पेंद्र भारद्वाज के प्रयासों से वार्ड 66,67 को मिली सौगात

## चौरडिया सिटी से कमला नेहरू नगर पुलिया तक बनने वाली सीसी रोड़ का किया उद्घाटन

गरीबों का सितारा




**जयपुर।** सांगानेर के जनसेवक पुष्पेंद्र भारद्वाज ने आज वार्ड नंबर 66,67 की दर्जनों कॉलोनियों में आमजन को राहत दिलाते हुए सीसी रोड का उद्घाटन किया।भारद्वाज ने कनक विहार में सैंकड़ों कॉलोनी वासियों की उपस्थिति में गोकुल वाटिका के पास रोड का शुभारंभ कर जनता को यह सौगात दी। उल्लेखनीय है कि गत दिनों बीसलपुर पेयजल योजना की पाइप लाइन बिछाने के कारण यह रोड क्षतिग्रस्त हो गई थी।इससे कमला नेहरू नगर पुलिया से केसरी चन्द चौधरी ,कनक विहार,चौरडिया सिटी,जैन विहार, उमा कॉलोनी,नेहरू नगर,नेहरू नगर विस्तार,पार्क विले कलजुग की ढाणी,के वाशिंदों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।सांगानेर के जनसेवक श्री पुष्पेंद्र भारद्वाज के प्रयासों से आज इस रोड का जेडीए अधिकारियों की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया।इस दौरान,ब्लॉक कांग्रेस मानसरोवर के अध्यक्ष, रतन लाल जी सैनी,भांकरोटा मंडल अध्यक्ष रणजीत जी सुला,वार्ड नंबर 67 से कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णावतार जी शर्मा,वार्ड नंबर 66 के अध्यक्ष राहुल जी जाजोरिया, केसरी चन्द चौधरी नगर विकास समिति अध्यक्ष के एम मुदगल, सुबोध मित्तल, अजय त्यागी, महेन्द्र सिंह, मनोज कुमार,डॉक्टर राकेश जी,प्यारे लाल जी,गुलाब जी,सुशील जी चौमल, ओ पी वर्मा जी,लोकेश कुमार,रोशन जाजोरिया,नरेंद्र जी,अभिषेक शर्मा,बाबू लाल जी शर्मा,शिव शंकर पारिख,राजेंद्र जाजोरिया नरेंद्र चौधरी,माधव सैनी, नैन चन्द शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपाथित थे।

# एडीजे विपिन कुमार पांडे ने सिटी थाने एवं डिप्टी ऑफिस का किया निरीक्षण

गरीबों का सितारा





**अजमेर/ब्यावर (अनिल सिखवाल, ब्यूरोचिफ)।** एडीजी बिपिन कुमार पांडे दो दिन के दौरे के द्रमियां शुक्रवार को ब्यावर पहुँचे बोले- पुलिसकर्मी अपने काम का खुद करें आकलन कोई एक्सपर्ट नहीं, हमेशा रहती है सुधार की आवश्यकता एडीजी (आयोजना एवं कल्याण विभाग) आईपीएस बिपिन कुमार पांडे ने कहा कि हर पुलिसकर्मी को अपने काम का आकलन खुद को करना चाहिए। कोई पारंगत नहीं होता है, हमेशा सुधार की आवश्यकता रहती है।प्रतिदिन अपने काम में सुधार करने की प्रक्रिया जब दिनचर्या में शामिल हो जाएगी तो मुश्किल से मुश्किल काम आसान लगने लगेंगे। शुक्रवार को ब्यावर पहुँचने पर श्री पाण्डे ने सहायक पुलिस अधीक्षक कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण कर आवश्यक जानकारीयां प्राप्त की। इस मौके पर ब्यावर के पुलिस जाब्ते के बारे में भी जानकारी ली और उनके उत्थान के बारे में पुछा गया। ब्यावर के क्राईम के बारे में भी आवश्यक जानकारी जुटाई।एडीजी बिपिन कुमार पाण्डे ने ब्यावर सिटी थाने में एक अशोक का पेड़ लगाकर स्थानीय लोगों से रु-ब-रु हुए। श्री पाण्डे ब्यावर में सहायक पुलिस अधिक्षक के पद पर तैनात थे उस वक्त के उपस्थित लोगों ने भी उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्री पाण्डे के साथ पुरानी यादों को ताजा करते हुए शहर के विकास में वर्तमान सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष चौधरी की उपलब्धियां गिनाई गई। इस पर वह प्रफुल्लित होकर वर्तमान सहायक पुलिस अधीक्षक श्री चौधरी का आभार व्यक्त कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। आईपीएस बिपिन कुमार पाण्डे जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील विश्नोई, वैभव शर्मा के साथ ब्यावर पहुँचे। श्री पाण्डे के पहुँचने पर ब्यावर के सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष चौधरी, सिटी थानाधिकारी सुरेन्द्र जोधा आदि ने स्वागत किया साथ ही पिछले 2 दिन से सिटी थाने एवं डिप्टी कार्यालय की साफ-सफाई रंगाई पुताई का कार्य जोरों शोरों से परिलक्षित नजर आया था साथ ही इससे पहले श्री पाण्डे ने गुरुवार को अजमेर में एडीजी पांडे ने पुलिस विभाग के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण और पुलिस की वर्किंग का आंकलन करने अजमेर पहुंचे थे। एडीजी पांडे ने पहले दिन पुलिस लाइन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीजीपी के आदेश पर किए जा रहे इस निरीक्षण के दौरान पुलिस की अच्छाइयों और बुराइयों, दोनों का आकलन किया जा रहा है। पहले दिन पुलिस लाइन के निरीक्षण के साथ परेड का जायजा लिया। इसके बाद हाईसिक्यूरिटी जेल से आतंकियों को भागने से रोकने और सड़क हादसे के समय पुलिस द्वारा की जाने वाले कार्रवाई से अवगत कराने के लिए लाइव डेमो दिया गया। एडीजी पांडे ने पुलिस लाइन में संपर्क सभा लेकर पुलिसकर्मियों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम और एसपी कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

# बीकानेर पुलिस लोगों को लौटाएंगी 35 लाख रुपये के मोबाइल



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम के आने के बाद पुलिस की कार्यशैली में गति आई है। बीकानेर में गौतम के आने के बाद पुलिस 35 लाख रुपये के मोबाइल लोगों को लौटाने जा रही है। ये वे मोबाइल है जिनको गुम या गिर जाने के बाद लोग भूल गये थे। अब लोगों को उनके ये मोबाइल वापस मिलेंगे। पुलिस ने गुम व चोरी के 124 मोबाइल जब्त किये है। अब छानबीन करके संबंधित मालिक को बुलाकर उसे फोन लौटाया जा रहा है। इन सभी मोबाइल की कीमत करीब 35 लाख रुपए आंकी गई है। इन मिले मोबाइलों में कई मोबाइलों की कीमत 70 हजार रुपये तक बताई जा रही है।

# बढ़ेगी कनेक्टिविटी और तेज होगी आम जनता को प्रशासनिक सहायता : भारद्वाज

गरीबों का सितारा



**जयपुर।** बजट सत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए पीसीसी सचिव पुष्पेंद्र भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में 19 नए जिले और तीन नए संभाग बनाकर जनता को राहत देने का काम किया है। राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से देश में सबसे बड़ा राज्य है, ऐसे में ज्यादा जिले बनने से अब विकास की रफ्तार तेज होगी। वही, कानून और व्यवस्था बेहतर होगी। इसके साथ ही कनेक्टिविटी बढ़ेगी, सर्विस डिलीवरी में गति आएगी और सरकारी योजनाओं को आम लोगों तक ज्यादा आसानी से पहुंचाया जा सकेगा, राजस्व बढ़ेगा। इतना ही नहीं जिला मुख्यालय से गांवों और कस्बों की दूरियां घट जाएगी और प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद बढ़ेगा और फासले मिटेंगे। कलेक्टर, एसडीओ सहित सरकारी मशीनरी की रफ्तार भी तेज होगी। सभी मुख्यालयों तक पहुंच, , पानी, बिजली, सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं में सुधार होगा, औद्योगिक विकास तेज होगा।

# यात्रियों की सुविधा हेतु डिब्बों में अस्थाई बढ़ोतरी

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जम्मूतवी-जैसलमेर-जम्मूतवी व जम्मूतवी-बाडमेर-जम्मूतवी रेलसेवाओं में 01-01 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसारः- गाडी संख्या 14646/14645, जम्मूतवी-जैसलमेर-जम्मूतवी रेलसेवा में जम्मूतवी से दिनांक 18.03.23 से 23.03.23 तक तथा जैसलमेर से दिनांक 20.03.23 से 25.03.23 तक 01 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। गाडी संख्या 14662/14661, जम्मूतवी-बाडमेर-जम्मूतवी रेलसेवा में जम्मूतवी से दिनांक 19.03.23 से 24.03.23 तक एवं बाडमेर से दिनांक 22.03.23 से 27.03.23 तक 01 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।

# नवरात्री मेले के अवसर पर पुरी-जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस का डोंगरगढ स्टेशन पर होगा अस्थाई ठहराव

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** रेलवे द्वारा माॅ बम्लेश्वरी मन्दिर में होने वाली अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु पुरी-जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस का दिनांक 22.03.23 से 30.03.23 तक डोंगरगढ स्टेशन पर अस्थाई ठहराव दिया जा रहा है।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार डोंगरगढ स्टेशन पर नवरात्री मेले के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु गाडी संख्या 20813, पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस दिनांक 22.03.23 से 30.03.23 तक डोंगरगढ स्टेशन पर 07.27 बजे आगमन एवं 07.29 बजे प्रस्थान एवं गाडी संख्या 20814, जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस दिनांक 22.03.23 से 30.03.23 तक डोंगरगढ स्टेशन पर 17.38 बजे आगमन एवं 17.40 बजे प्रस्थान करेगी।

# मरुधरा नारी मंच बीकानेर के द्वारा कार्यक्रम महिला "घूमर"आनंदम शिव बाड़ी मंदिर के पास आयोजित

गरीबों का सितारा






**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** कार्यक्रम की शुरूआत मरुधरा नारी मंच बीकानेर विभाग की संयोजिका संगीता यादव व कार्यकारिणी सुमन छाजेड़ , चंचल कच्छावा, मीनाक्षी सोनी एवं कविता यादव मंच पदाधिकारियों ने गणेश जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं गणेश वंदना के द्वारा किया गया। मरुधरा नारी मंच के अध्यक्ष संगीता यादव ने बताया कि महिलाएं एवं लड़कियों ने राजस्थानी ड्रेस कोड परिधान के साथ घूमर के कार्यक्रम में उपस्थित हुई। माता गवरजा के जयकारों के साथ सभी सखियों ने बारी-बारी से अपने नृत्य घूमर पेश किए इस कार्यक्रम में मां बेटी, ननंद भाभी ,सास बहू आदि ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। सोलह सिंगार गंवर प्रतियोगिता एवं बेस्ट परिवेश प्रतियोगिता कराई गई ।जज के रूप में सुषमा बिस्सा एवं ज्योति स्वामी उपस्थित रहीं । जज के निर्णय के आधार पर प्रथम द्वितीय तृतीय प्रतियोगी को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों की अध्यक्ष पदाधिकारी जैसे भाजपा जिला महिला मोर्चा, पतंजलि, गर्भस्थ शिशु, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, विप्र फाउंडेशन एवं महिला हुनर प्रशिक्षण केंद्र उपस्थित रहे। सभी महिलाओं ने घूमर के संगीत पर घूमर डांस का आनंद लिया मंच संचालन नीतू आचार्य ने किया।

आवासन मंडल का एक और नवाचार...

# बढ़ते कदम : बीके शिवानी आवासन मंडल के कार्मिकों को देंगी मोटिवेशन बूस्टर

### कार्यस्थल पर तनाव हटाने, वर्कलाइफ बैलेंसिंग और टीम स्पिरिट बढ़ाने के लिए भी देंगी व्याख्यान

### आयुक्त ने कहा : कार्मिकों को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए मंडल करता रहेगा ऐसे नवाचार

गरीबों का सितारा



**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल के अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्यस्थल संबंधी तनाव कम करने, वर्क लाइफ को संतुलित करने और उनमें टीम भावना की क्षमता विकसित करने के लिए शनिवार सायं 4:30 माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर के ऑडिटोरियम में मोटिवेशन कार्यक्रम 'मेनिफेस्टिंग एक्सीलेंस' आयोजित किया जाएगा, जिसमें बीके (ब्रह्मकुमारी) सिस्टर शिवानी मुख्य वक्ता होंगी। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि फिक्की फ्लो, जयपुर और मंडल के संयुक्त तत्वावधान में यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आमजन की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों को लगातार कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। ऐसे में कार्यस्थल पर होने वाले तनाव को दूर करने कार्यालय और घर के जीवन को संतुलित रखने और उनमें पूरी जोश और ऊर्जा के साथ टीम भावना बनाए रखने के लिए यह विशेष सेशन रखा गया है। अरोड़ा ने बताया कि मुख्यालय के अलावा प्रदेश भर के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को यात्रा भत्ते के साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।उन्होंने कहा कि मंडल की कामयाबी के पीछे कार्मिकों की लगन और मेहनत है। हमारा यह प्रयास रहता है कि कार्मिक स्वच्छंद माहौल में उन्मुक्त भाव के साथ अपना शत-प्रतिशत मंडल को दें। उन्हें ऊर्जावान बनाए रखने के लिए मंडल आगे भी ऐसे नवाचार करता रहेगा। गौरतलब है कि मंडल द्वारा पूर्व में भी मशहूर मोटीवेटर उज्जवल पाटनी को मुख्यालय बुलाकर कार्मिकों का उत्साह वर्धन करवाया था।

# रामेश्वरम स्कूल के छात्र छात्राओं का विधानसभा भ्रमण किया



गरीबों का सितारा



**जयपुर।** रामेश्वर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल लालचंदपुरा के कक्षा 11वीं 12वीं कला वर्ग के छात्र छात्राओं को उत्तम शर्मा निजी सहायक राजस्थान विधानसभा, अध्यक्ष माननीय डॉक्टर सीपी जोशी के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं ने विधानसभा की कार्यवाही देखी एवं विद्यालय के बच्चों ने विधानसभा में बना म्यूजियम भी देखा। विद्यालय के बच्चों ने प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा राजस्थान विधानसभा से मुलाकात की व विधानसभा की कार्यवाही के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। साथ ही माननीय डॉक्टर सीपी जोशी से मुलाकात कर अपने मन की जिज्ञासाओं को उनके सामने रखा जिनका समाधान माननीय अध्यक्ष साहब ने बड़ी सहजता से बताया। विद्यालय के बच्चों ने इस प्रकार विधानसभा का भ्रमण कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया। बच्चे व संस्था निदेशक जीतू शर्मा ने महोदय का आभार व्यक्त किया व छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षक श्रीमती अनीता शर्मा व श्यामलाल कुमावत ( व्याख्याता भूगोल) उपस्थित रहे।

# अखण्डता शिशु निकेतन में विदाई समारोह आयोजित

## विष्णु शर्मा ने बच्चों को अच्छे अंक प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया



गरीबों का सितारा



**जयपुर।** अखण्डता शिशु निकेतन संचालन समिति द्वारा संचालित अखण्डता शिशु निकेतन उ.मा.विद्यालय हाथोज जयपुर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष युवराज वशिष्ठ के द्वारा की गई।मुख्य अथिति अवनी वशिष्ठ बाल कलाकार एवं हीरा चौधरी राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं विशिष्ट मुख्य अथिति अथर्व वशिष्ट बाल कलाकार के द्वारा पद को सुशोभित किया गया। संस्था के अतिरिक्त निदेशक गोकुल शर्मा संस्था प्राचार्य अनुराधा शर्मा के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। संस्था के एम.डी विष्णु शर्मा के द्वारा आगन्तुक अध्यक्ष,मुख्य अथिति एवं विशिष्ठ मुख्य अथिति का माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया। संस्था के एमडी विष्णु शर्मा के द्वारा अखण्डता को आने वाले सत्र 2023-24 सें हिन्दी माध्यम के साथ अंग्रेजी माध्यम की घोषणा एवं विश्वविद्यालय की घोषणा की गई। छात्र/छात्रा के द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भेजी गई। एवं 12वीं कक्षा के छात्रों को प्रशस्ती पत्र एवं ईनाम संस्था के अतिरिक्त निदेशक के द्वारा दिया गया। विदाई समारोह अंत में अल्पाहार (नाश्ते ) ओर भारत माँ के जयकारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# बीकानेर: पुलिस का सोशल मीडिया पर प्रहार, अब तक 77 युवा गिरफ्तार, 5 ग्रुप एडमिन पर कार्रवाई

गरीबों का सितारा



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** आज कहीं पर और कभी भी कोई खबर सोशल मीडिया से दूर नहीं है।टेक्नोलॉजी के चलते अपराधिक हो या फिर सामाजिक, राजनीतिक हो या फिर विशेष सब्जेक्ट से जुड़ी खबर हो। सोशल मीडिया के माध्यम से सहज व सरलता के साथ पहुंच रही है। यूं कहे तो आज के इस युग में सोशल मीडिया अहम भूमिका निभा रहा है। दूसरी ओर सोशल मीडिया के माध्यम से अपराध भी बढ़े है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हर तीन खबरों में एक खबर इसी सोशल मीडिया से जुड़ी रहती है। चाहे परीक्षा प्रश्न पत्र के आउट होने की बात हो या फिर अपराध व अपराधिक तत्वों से सम्पर्क साधने, महिलाओं के अश्लील वीडियो बनाने व सोशल व व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल करने संबंधी अपराध हो या फिर हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल करने तथा इसको लाइक करने वालों पर बीकानेर पुलिस की पैनी नजरें लगी हुआ है।इसको लेकर बीकानेर पुलिस ने विशेष अभियान चला रखा है।पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि अभियान के तहत 76 स्थाई वारंटी, तीन इनामी बदमाश, तीन भगोड़े, 35 व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में पकड़ा गया है। 17 एनडीपीएस के तहत कार्रवाई हुई।छह हथियार तस्करी, 31 आबकारी अधिनियम के तहत व 64 अन्य कार्रवाई की गई।पुलिस अधीक्षक गौतम ने अभिभावकों का आह्वान किया कि वे बच्चों पर ध्यान दें। उनकी सोशल मीडिया पर की जाने वाली गतिविधियों पर निगरानी रखें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिलेभर में सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करने पर 77 युवाओं को गिरफ्तार किया गया है। पांच युवाओं को भादंस की धारा 107/116 के तहत पाबंद कराया गया है। 12 युवाओं की काउंसिलिंग कराई गई है। चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पांच यू- ट्यूब चैनल को डी-एक्टीवेट कराया गया है। 21 वाट्सएप ग्रुप एडमिन के खिलाफ कार्रवाई की गई है।456 एचएस, एक हजार सक्रिय बदमाश पुलिस सूत्रों की मानें, तो जिलेभर में 456 हिस्ट्रीशीटर और 1200 से अधिक ऐसे युवा हैं, जो आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय मिले हैं।पुलिस अब हार्डकोर बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोलने के साथ- साथ हाल ही में आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय होने वाले युवाओं की राउडीशीट खोलने की तैयारी कर रही है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।


# मेसी के मैत्री मैच का टिकट खरीदने उमड़े 10 लाख फैंस

**दो घंटे में बिके 63000 टिकट**

**23 मार्च को पनामा के साथ खेला जाएगा मुकाबला**

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

*अर्जेंटीना का विश्व चैंपियन बनने के बाद स्वदेश में पहला मैत्री मैच देखने के लिए 10 लाख से अधिक प्रशंसक ऑनलाइन टिकट खरीदने के लिए उमड़ पड़े। लियोनेल मेसी की टीम 23 मार्च को पनामा के खिलाफ ब्यूनस आयर्स के मोनुमेंटल डे नुनेज स्टेडियम में मैत्री मैच खेलेगी। अर्जेंटीना के फुटबॉल संघ ने इस मैच के लिए 63000 टिकट बिक्री के लिए रखे थे जिनकी कीमत 57 अमेरिकी डॉलर से 240 अमेरिकी डॉलर रखी गई थी। टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरू होने के कुछ समय बाद ही मैच के सभी टिकट बिक गए। टिकटों की कीमतों ने आर्थिक संकट से जूझ रहे दक्षिण अमेरिका के इस देश में चर्चा शुरू हो गई है लेकिन इसके बावजूद सभी टिकट केवल दो घंटे में बिक गए। अर्जेंटीना 28 मार्च को सैंटियागो डेल एस्टेरो प्रांत में कुराकाओ के खिलाफ एक और मैत्री मैच खेलेगा। उस मैच के टिकट अभी उपलब्ध नहीं हैं।*



# आर्सेनल हारा, यूनाइटेड ने अंतिम-8 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| लंदन

*इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल की यूरोपीय खिताब जीतने की उम्मीद तब चकनाचूर हो गई जब उसकी टीम को यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में स्पोर्टिंग लिस्बन से पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। लिस्बन ने पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले दूसरे चरण के मैच के नियमित*




*समय में दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर चल रही थीं जिसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया। पहले चरण का मैच भी 2-2 से ड्रॉ रहा था। इस बीच मैनचेस्टर यूनाइटेड ने रियल बेटिस को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यूनाइटेड ने पहले चरण का मैच 4-1 से जीता था। इस तरह से उसने 5-1 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करके अगले दौर में प्रवेश किया। यूनाइटेड ने 2017 में यूरोपा लीग का खिताब जीता था।*

**क्रिकेट : भारत ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में बनाई 1-0 की बढ़त**

# संघर्ष कर 5 विकेट से जीता भारत राहुल अर्धशतक ठोककर बने हीरो

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले वनडे में आस्ट्रेलिया को संघर्षपूर्ण मुकाबले में पांच विकेट से हरा दिया। टीम इंडिया ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। कंगारु टीम मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज से तीन-तीन झटके खाकर 188 रन पर सिमट गई। जवाब में भारत ने 39.5 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 191 रन बनाए और मैच पांच विकेट से जीत लिया। भारत की ओर शीर्ष बल्लेबाजों के आउट होने के बाद लोकेश राहुल ने जिम्मेदारी संभाली और नाबाद 75 रन की पारी खेली। उनका साथ रवींद्र जडेजा ने देते हुए शानदार 45 रन बनाए।

इससे पहले टीम इंडिया ने 35.4 ओवर में ऑस्ट्रेलिया को 188 रन पर समेट दिया। आस्ट्रेलिया ने आखिरी छह विकेट 7.5 ओवर में 19 रन के भीतर गंवा दिए। हार्दिक पंड्या का दूसरे स्पैल में शमी को जल्दी बुलाने का फैसला सटीक साबित हुआ। कैमरन ग्रीन को शमी ने बेहतरीन गेंद पर आउट किया । उन्होंने दूसरे स्पैल में तीन ओवर में आठ रन देकर तीन विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया के लिए मिशेल मार्श ने 65 गेंद में 81 रन नहीं बनाए होते तो स्कोर और खराब होता। शमी ने छह ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिए।



### सिराज की शानदार गेंदबाजी

*दूसरी ओर दूसरे ही ओवर में भारत को कामयाबी दिलाने वाले सिराज ने दूसरे स्पैल में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 5.4 ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए। मार्श ने अपनी पारी में दस चौके और पांच छक्के जड़कर आस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाई। एड़ी के आपरेशन के बाद वह तीन महीने का ब्रेक लेकर लौटे थे। मार्श ने एक छोर से रन बनाना जारी रखा लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। दूसरे ओवर में सिराज ने ट्रेविस हेड को पवेलियन भेजा। इसके बाद मार्श ने कप्तान स्टीव स्मिथ के साथ 72 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 30 गेंद में 22 रन बनाए जिन्हें पंड्या ने आउट किया। मार्श अपने दूसरे शतक की ओर बढ रहे थे लेकिन रविंद्र जडेजा ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उन्होंने आखिरी शतक भारत के खिलाफ जनवरी 2016 में लगाया था।*

## खबर संक्षेप



### स्वियाटेक, रायबकिना खिताब से दो कदम दूर

**इंडियन वेल्स।** शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक और 10वीं वरीयता प्राप्त इलेना रायबकिना ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियाटेक ने क्वार्टर फाइनल में सोराना क्रिस्टिया को 6-2, 6-3 से पराजित किया।

### जैसमीन और शशि जीते श्रुति हारकर हुई बाहर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैसमीन लंबोरिया ने तंजानिया की न्यांबेगा बीट्राइस को आरएससी फैसले के आधार पर महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के अपने पहले मैच में हरा दिया। शशि चोपड़ा (63 किलो) ने कीनिया की एमवांगी टेरेसिया को 5-0 से हराया। भारत की श्रुति यादव (70 किलो) हालांकि अपना मुकाबला हार गई जिन्हें चीन की झोउ पान ने 5-0 से शिकस्त दी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कांस्य पदक जीतने वाली जैसमीन ने 60 किलो वर्ग में 90 सेकंड में ही जीत दर्ज की।

### भोपाल में 20 मार्च से होगा आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप

**भोपाल।** आईएसएसएफ विश्वकप निशानेबाजी का आयोजन भोपाल स्थित मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी के बिशन खेड़ी परिसर में 20 से 27 मार्च तक किया जायेगा। एक अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आधिकारिक तौर पर 21 मार्च को स्पर्धा का उद्घाटन करेंगे। स्पर्धा में 33 देशों के 325 निशानेबाजी और 75 तकनीकी अधिकारी हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर भोपाल जिले के गांव बरखेड़ा नाथू में बनने वाले खेल परिसर का शिलान्यास व वातानुकूलित इनडोर निशानेबाजी रेंज का वर्चुअल उद्घाटन भी करेंगे। स्पर्धा का आयोजन मध्य प्रदेश द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राइफल महासंघ (एनआरएआई) के तकनीकी सहयोग से किया जा रहा है।

# हार्दिक, सविता बने 'प्लेयर ऑफ द ईयर', मिला बलबीर सिंह अवार्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मिडफील्डर हार्दिक सिंह और गोलकीपर सविता पूनिया को शुक्रवार को यहां एक रंगारंग समारोह में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला हॉकी खिलाड़ी चुना गया। 24 वर्ष के हार्दिक ने अनुभवी मनप्रीत सिंह और हरमनप्रीत सिंह को पछाड़कर पांचवां बलबीर सिंह सीनियर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

हार्दिक ने इस साल जनवरी में ओडिशा में हुए एफआईएच विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टूर्नामेंट में






आगे नहीं खेल सके। उन्होंने पहले मैच में स्पेन पर 2-0 से मिली जीत में गोल किया था। भारत प्री क्वार्टर फाइनल में स्पेन से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया था । सविता की कप्तानी में भारत ने दिसंबर में एफआईएच महिला नेशंस कप जीतकर महिला प्रो लीग में जगह बनाई। हार्दिक और सविता को 25-25 लाख रुपए और एक ट्रॉफी दी गई।

### काउंटी मैचों में केंट के लिए खेलेंगे अर्शदीप

*केंट। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की सलाह पर बाएं हाथ के प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इंग्लैंड के आगामी काउंटी सत्र में केंट की टीम के लिए प्रथम श्रेणी के पांच मुकाबले में खेलेंगे। केंट काउंटी टीम ने अपनी वेबसाइट पर यह घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति में कहा गया, 'केंट क्रिकेट को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत के अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह जून और जुलाई के बीच काउंटी चैंपियनशिप के पांच मैचों में टीम के प्रतिनिधित्व के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनकी उपलब्धि हालांकि जरूरी मंजूरी के अधीन होगी।'*

### कॉनवे की फिफ्टी, न्यूजीलैंड ने दो विकेट पर बनाए 155 रन

*वेलिंगटन। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के बारिश से प्रभावित पहले दिन शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 155 रन बनाए। बारिश के कारण दिन भर में केवल 48 ओवर का खेल ही हो पाया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। कॉनवे ने 78 रन की तेजतर्रार पारी खेली तथा टॉम लैथम (21) के साथ पहले विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी करके टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई।*

# त्रिसा-गायत्री की सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के महिला युगल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गई। दुनिया की 17वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने चीन की लि वेन मेइ और लियू शुआन शुआन को 64 मिनट तक चले मुकाबले में 21-14, 18-21, 21-12 से हराया। अब उनका सामना इंडोनेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त अप्रियानी



राहायू और सिति फाडिया सिल्वा रामाधांती या कोरिया की बाएक हा ना और ली सो ही की जोड़ी से होगा। टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का दारोमदार अब त्रिसा और गायत्री पर ही है। पिछली बार भी दोनों सेमीफाइनल में पहुंची थी जब उन्हें ऐन मौके पर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश मिला था। इस बार वे पर्याप्त अनुभव के साथ उतरी हैं और पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता।

इसके अलावा फरवरी में बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली टेन पीयरली और टी मुरलीधरन को हराया। पिछले दौर में उन्होंने दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी जापान की युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोता को मात दी थी।

# बेंगलुरु और एटीके मोहन बागान के बीच खिताबी मुकाबला आज



एजेंसी ▶▶| मडगांव

*एटीके मोहन बागान की टीम इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के फाइनल में शनिवार को जब 2018-19 सत्र के चैंपियन बेंगलुरु एफसी के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश पहली बार इस खिताब को अपने नाम करने की होगी।*

*एटलेटिको कोलकाता की फ्रेंचाइजी ने इस खिताब को एक बार जीता है लेकिन मोहन बागान से जुड़ाव के बाद उसे अपने पहले खिताब का इंतजार है। टीम ने लगातार पांच मैचों अजेय रहते हुए फाइनल का टिकट पक्का किया। इन पांच मैचों चार में उसके खिलाफ एक भी गोल नहीं हुए। एटीके क्लब ने लीग चरण में टीम की रक्षापंक्ति ने शानदार खेल दिखाया था। इस दौरान टीम के खिलाफ सिर्फ 17 गोल हुए थे जो गत चैंपियन हैदराबाद एफसी के बाद सबसे बेहतर आंकड़ा है।*

*फाइनल में जब टीम बेंगलुरु के खिलाफ उतरेगी तो ये आंकड़े ज्यादा मायने नहीं रखेंगे। बेंगलुरु के पास भारत के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री के अलावा रॉय कृष्णा और शिव शक्ति नारायण जैसे अग्रिम पंक्ति के शानदार खिलाड़ी है। बेंगलुरु के कोच सिमोन ग्रेसन ने पिछले कुछ मैचों में 38 साल के छेत्री का इस्तेमाल स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर किया है और भारतीय कप्तान ने अहम मौकों पर गोल कर टीम को निराश नहीं किया।*

### छेत्री को बैंच पर बिठाना था कठिन निर्णय

*एटीके के मुख्य को जुआन फर्नांडो ने कहा, 'पिछले कुछ मैचों में उनकी टीम (बेंगलुरु एफसी) ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। वे आत्मविश्वास से खेले हैं। हमें मैच की शुरुआत से ही उन्हें रोकना होगा। इसके लिए हमें अपनी योजना पर भरोसा है।' बेंगलुरु के कोच ग्रेसन फाइनल में भी छेत्री को बाद में मैदान में उतारना चाहेगें। उन्होंने कहा, 'उनकी तरह की गुणवत्ता, अनुभव और पेशेवर खिलाड़ी को बाहर छोड़ना वास्तव में एक कठिन निर्णय है। लेकिन एक कोच के रूप में, चाहे वह सुनील छेत्री हो या रोहित कुमार, मुझे वही करना है जो मुझे मेरे मुताबिक टीम के हित में होगा।'*

**पिछले साल 30 दिसंबर को पंत सड़क दुर्घटना में हो गए थे घायल**

# पंत से मिले युवराज, कहा- चैंपियन फिर से चमकेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से मुलाकात करने के बाद कहा कि यह चैंपियन खिलाड़ी फिर से अपनी चमक बिखेरेगा। युवराज ने भी कैंसर से उबरने के बाद शानदार वापसी की थी और वह जानते हैं कि इस तरह की परिस्थितियों से कैसे आगे बढ़ना होता है।*

*युवराज ने अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किया, 'अभी छोटे-छोटे कदम। यह चैंपियन फिर से अपनी चमक बिखेरेगा। उससे मिलना और उसके साथ हंसना अच्छा*



*लगा। क्या सकारात्मक सोच वाला और हमेशा हंसने वाला लड़का है। ईश्वर आपको और शक्ति प्रदान करें ऋषभ पंत।' पंत ने हाल में एक वीडियो पोस्ट किया था जिसमें वह तरणताल के करीब टहलते हुए दिख रहे थे।*

*पंत इस साल इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेल पाएंगे। उनकी फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी जगह डेविड वॉर्नर को कप्तान नियुक्त किया है। अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है। पंत पिछले साल 30 दिसंबर को दिल्ली देहरादून मार्ग पर सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। तब वह अपने गृह नगर रुड़की जा रहे थे।*

### पंत की अनुपस्थिति में करुंगा अतिरिक्त प्रयास

*दिल्ली कैपिटल्स के नवनियुक्त कप्तान डेविड वॉर्नर ने कहा कि ऋषभ पंत के अस्वस्थ होने के कारण आईपीएल के इस सत्र में उन्हें एक बड़े खिलाड़ी की कमी पूरी करनी होगी और साथ ही संकल्प लिया कि इस भारतीय स्टार की अनुपस्थिति में टीम खिताब जीतने के लिए अतिरिक्त प्रयास करेगी। वॉर्नर ने कहा, 'हम हर सत्र में प्रेरित होते हैं लेकिन इस साल आपकी अनुपस्थिति में हम खिताब जीतने के लिए अधिक प्रेरित हैं। हम आपके स्वस्थ होने की यात्रा में आपके साथी बनने जा रहे हैं। हम आपको विशेष संदेश भेजने जा रहे हैं और उम्मीद है कि आप हमारे एक मैच में उपस्थित रहोगे। दिल्ली कैपिटल्स परिवार की तरफ से मैं आपके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'*

# पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने लिया संन्यास



एजेंसी ▶▶| होबार्ट

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने शुक्रवार को तस्मानिया के क्वींसलैंड के खिलाफ शेफील्ड शील्ड प्रथम श्रेणी मैच के समाप्त होने के बाद संन्यास लेने की घोषणा की। विकेटकीपर बल्लेबाज पेन ने आस्ट्रेलिया की तरफ से कुल 35 टेस्ट मैच खेले जिनमें से 2018 से लेकर 2021 तक 23 टेस्ट मैचों में उन्होंने कप्तानी की। दक्षिण अफ्रीका में 2018 में गेंद से छेड़छाड़ के मामले में फंसने के बाद स्टीव स्मिथ से कप्तानी छीन ली गई थी जिसके बाद पेन ऑस्ट्रेलिया के 46वें टेस्ट कप्तान बने थे।

पेन ने 2021 में तब टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी जब पता चला था कि उन्होंने क्रिकेट तस्मानिया की एक पूर्व कर्मचारी को आपत्तिजनक संदेश भेजे थे। पेन ने 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ लॉर्ड्स में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने टेस्ट मैचों में 32.63 की औसत से रन बनाए और उनका उच्चतम स्कोर 92 रन रहा। इसके अलावा विकेटकीपर के रूप में उन्होंने 157 कैच और स्टंप आउट किए। उन्होंने आस्ट्रेलिया की तरफ से 35 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।



# बॉक्स ऑफिस रणबीर-श्रद्धा का जादू कायम

**मुंबई।** अभिनेता रणबीर कपूर ने फिल्म तू झूठी मैं मक्कार के साथ इस साल दमदार शुरुआत की है। फिल्म लोगों को काफी पसंद आ रही है, जिसकी वजह से यह 100 करोड़ क्लब की ओर तेजी से अपने कदम बढ़ा रही है। आइए जानते हैं कि फिल्म ने अब तक टिकट खिड़की पर कितना बिजनेस कर लिया है। लव रंजन के निर्देशन में बनी इस फिल्म को समीक्षकों के साथ दर्शकों ने भी सिर आंखों पर बिठाया है। 95 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म अपनी लागत वसूल करने के बिल्कुल नजदीक आ चुकी है।

लाइफ Style

# मौनी रॉय

## बॉडी शेमिंग का हुई शिकार

एजेंसी ▶▶| मुंबई



'नागिन' फेम मौनी रॉय आजकल अपनी मियामी वेकेशन की तस्वीरों से इंटरनेट पर आग लगा रही हैं। मौनी इन तस्वीरों में प्रिंटेड बिकिनी में नजर आ रही हैं। मौनी की इन तस्वीरों में उनकी हालिया बनी दोस्त दिशा पाटनी भी नजर आ रही हैं।

बॉलीवुड की ग्लैमरस अभिनेत्री मौनी रॉय अपनी तस्वीरों और वीडियोज को लेकर सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरती रहती हैं। एक्ट्रेस की फोटोज आए दिन इंटरनेट पर वायरल होती रहती है। हाल ही में, मौनी ने अपने वेकेशन से कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की, जिसके बाद वह तुरंत ट्रोल्स के निशाने पर आ गईं। सोशल मीडिया पर मौनी को बुरी तरह ट्रोल किया जा रहा है। 'नागिन' फेम मौनी आजकल अपनी मियामी वेकेशन की तस्वीरों से इंटरनेट पर आग लगा रही हैं। मौनी इन तस्वीरों में प्रिंटेड बिकिनी में नजर आ रही हैं। मौनी की इन तस्वीरों में उनकी हालिया बनी दोस्त दिशा पाटनी भी नजर आ रही हैं। मौनी के फोटो अपलोड करते ही यूजर्स ने उन्हें बिकिनी अवतार में 'बहुत पतली' होने के लिए ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक्ट्रेस ने उनके बेहद घटिया कमेंट्स को देखते हुए वह वीडियो ही डिलीट कर दिया है। आपको बता दें कि मौनी ने वीडियो तो डिलीट किया, लेकिन ट्रोल्स को करारा जवाब देने के लिए जोरदार वापसी की है। उन्होंने एक बार फिर अपनी बिकिनी में एक तस्वीर साझा की है, जिसके कैप्शन में मौनी ने लिखा, 'यह सब आपके विचार से अधिक मायने रखता है और यह बिल्कुल भी मायने नहीं रखता है।

हॉलीवुड मसाला

# मौत की पहेली अब तक अनसुलझी



**जोहान्सबर्ग।** कोस्टा टिच के नाम से साउथ अफ्रीका के मशहूर आर्टिस्ट और रैपर कोस्टा त्सोबानोग्लू की 11 मार्च को स्टेज परफार्मेंस के दौरान हुई मौत हफ्ता भर बीतने के बावजूद अब तक पहेली बनी हुई है। इस खबर के सामने आने के बाद कोस्टा के फैंस दंग रह गए हैं। जोहान्सबर्ग में हुए अल्ट्रा म्यूजिक फेस्टिवल के दौरान कोस्टा परफोर्म कर रहे थे, उसी दौरान अचानक वह स्टेज पर गिरे और उनकी मौत हो गई।




# टॉम क्रूज के फैंस के लिए खुशखबरी मिशन इंपॉसिबल 7 का पोस्टर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड इंडस्ट्री के स्टार अभिनेता टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 7' साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। निर्माताओं ने आगामी फिल्म का आधिकारिक पोस्टर जारी कर दिया है, जिसे देख फैंस एक बार फिर टॉप क्रूज की तारीफ करने के लिए मजबूर हो गए हैं।'टॉप गन मेवरिक' से दुनियाभर में फैले अपने प्रशंसकों को लुभाने के बाद, टॉम क्रूज जल्द ही अपनी अगली फिल्म 'मिशनः इंपॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन' के साथ सिनेमाघरों में दस्तक देने वाले हैं। स्टंट किंग माने जाने वाले टॉम की अदाकारी को देखने के लिए विदेश ही नहीं भारत के लोग भी पागल रहते हैं और जब बात मिशन इम्पॉसिबल सीरीज की आ जाती है, तब तो कहने ही क्या। 'मिशन इंपॉसिबल 7' के फैंस के लिए एक बहुत ही अच्छी खबर है। दरअसल, फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है, जो सबको थ्रिलिंग एक्सपीरियंस दे रहा है।



# छा गया रानी का 'मिसेज चटर्जी' अंदाज


**कोलकाता।** रानी मुखर्जी की बहुचर्चित फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। कलकत्ता के बंगाली जोड़े की असल कहानी पर आधारित इस फिल्म में रानी मुखर्जी की अदाकारी शानदार है। सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म को देखने के लिए लोग थिएटर्स में पहुंच रहे हैं। इस फिल्म में रानी की एक्टिंग के अलावा कहानी भी लोगों को बेहद पसंद आ रही है। इस फिल्म पर शाहरुख खान, काजोल, जॉन अब्राहम के अलावा तमाम सितारे रिएक्शन दे रहे हैं। वहीं लोगों के भी खूब रिएक्शन आ रहे हैं। असिमा छिब्बर द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है, जो आपको हिलाकर कर रख देगी। यह फिल्म एक मां की जिंदगी पर आधारित है, जो अपने बच्चों की कस्टडी पाने के लिए सभी हदों को पार कर जाती है।



# लाइव परफॉर्मेंस के दौरान गंभीर चोट

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर काफी चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में रिलीज कार्तिक आर्यन की फिल्म शहजादा बॉक्स ऑफिस पर पूरी तरह से फ्लॉप रही है। इस फिल्म को दर्शकों का कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला है। वहीं, हाल ही में एक सोर्स ने कार्तिक के साथ हुए एक हादसे को लेकर बात की है। दरअसल, हाल ही में एक्टर कार्तिक आर्यन ने एक इवेंट में स्टेज पर लाइव परफॉर्मेंस दी थी। इस इवेंट के दौरान कार्तिक के पैर पर गंभीर चोट लगी थी। इस घटनाक्रम से जुड़े एक सोर्स ने खुलासा किया है, कि एक्टर ने इस बात को काफी वक्त तक सभी से छुपा कर रखा था। इस बारे में बताया गया कि शाम के समय एक्ट क्लोजिंग का काम चल रहा था और कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 2 का अपना सिग्नेचर स्टेप कर रहे थे।

टीवी मसाला



# 'अनुपमा' की पकड़ हुई मजबूत

साल 2023 के दसवें हफ्ते की टीआरपी रेटिंग बताने वाली बार्क की रिपोर्ट सामने आ चुकी है। इस बार की टीआरपी लिस्ट को देखकर लग रहा है कि स्टार प्लस के शो 'अनुपमा' का जलवा कायम है। इसी तरह 'गुम है किसी के प्यार में' की गाड़ी भी पहले की तरह पटरी पर ही है, लेकिन 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' को टीआरपी रेटिंग लिस्ट में झटका लगा है। वहीं, टॉप फाइव की लिस्ट से 'पंड्या स्टोर' का पत्ता कट चुका है।

### अनुपमा

टीआरपी की लिस्ट में 'अनुपमा' ने एक बार फिर बाजी मारी है। नौवें हफ्ते की टीआरपी की लिस्ट में 'अनुपमा' ने पहले स्थान पर अपनी जगह बनाई थी, जो इस हफ्ते भी कायम है। रूपाली गांगुली और गौरव खन्ना स्टारर 'अनुपमा' को इस हफ्ते 3.1 की रेटिंग मिली है।

### गुम है किसी के प्यार में

'गुम है किसी के प्यार में' शो 'अनुपमा' को पछाड़ने में नाकामयाब रहा, लेकिन इसने अपनी जगह भी नहीं खोई। पिछले हफ्ते की तरह शो ने दूसरे नंबर पर अपनी पकड़ बनाए रखी है। शो में नए किरदार की एंट्री हुई है, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं हुआ। इस बार 'गुम है किसी के प्यार में' को 2.6 की रेटिंग मिली है।

### इमली

'इमली' की टीआरपी में इस बार भी कोई इजाफा देखने को नहीं मिल रहा है। हालांकि, 'इमली' का ट्रैक दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है, बावजूद इसके टीआरपी में कोई सुधार नहीं हुआ है। इस सप्ताह 'इमली' को 2.3 की रेटिंग मिली है और यह शो चौथे स्थान पर बना हुआ है।

### फालतू

'फालतू' की रेटिंग में इस हफ्ते सुधार देखने को मिला है। पिछले हफ्ते यह शो छठे नंबर पर था, जो अब 'पांड्या स्टोर' को पछाड़कर पांचवें स्थान पर आ गया है। इस सप्ताह इसे 2.2 की रेटिंग मिली है। फैंस को शो का ट्रैक काफी पसंद आ रहा है।

# नाटू नाटू के सिंगर काल भैरव ने जूनियर एनटीआर और राम चरण से मांगी माफी



**चेन्नई।** बीते दिनों गाने के सिंगर काल भैरव ने नाटू नाटू गाने की ऑस्कर की जीत के बाद एक पोस्ट साझा किया है, जिसपर उन्हें यूजर्स की आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। क्योंकि उस पोस्ट में उन्होंने फिल्म के एक्टर एनटीआर और राम चरण का नाम मेंशन नहीं किया था। इसपर अब उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक पोस्ट साझा करते हुए फिल्म के एक्टर राम चरण और जूनियर एटीआर से माफी मांगी है। उन्होंने पोस्ट में लिखा-मुझे कोई संदेह नहीं है कि तारक अन्ना और चरण अन्ना ही नाटू नाटू और आरआरआर की सफलता का कारण हैं। मैं केवल इस बारे में बात कर रहा था कि अकादमी के मंच प्रदर्शन के लिए मुझे मौका दिलाने में किसने मेरी मदद की। और कुछ नहीं। मैं देख सकता हूं कि इसे गलत तरीके से पेश किया गया था और इसके लिए मैं अपने शब्दों के चयन के लिए ईमानदारी से माफी मांगता हूं। काल भैरव ने नोट में लिखा-मैं आप सभी से कुछ साझा करना चाहता हूं-टीम आरआरआर को रिप्रजेंट करने और बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग के लिए ऑस्कर में प्रदर्शन करने का अमूल्य अवसर पाने के लिए मैं बहुत आभार महसूस करता हूं। यह केवल कुछ लोगों की वजह से है जो डायरेक्टली या इनडायरेक्टली रूप से है, लेकिन पूरी तरह से मेरे लिए यह बेहतरीन अवसर पाने का कारण हैं, जो मुझे पर्सनली लगता है कि मैं वास्तव में इसके लायक नहीं हूं।

# नेटफ्लिक्स की कुछ पॉपुलर सीरीज के तीसरे सीजन की हुई घोषणा

मुंबई। ओटीटी बेव सीरिज लवर्स के लिए एक अच्छी खबर है। पॉपुलर स्ट्रीमिंग एप्प नेटफ्लिक्स ने मंगलवार को ओटीटी के सबसे पॉपुलर शोज 'दिल्ली क्राइम', 'मिसमैच्ड' और 'कोटा फैक्ट्री' के तीसरे सीजन का एलान किया है। इन शोज के नए सीजन की घोषणा नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर एक टीजर शेयर कर की है। इसके साथ ही मजेदार कैप्शन भी लिखा है कि अब आपके कॉफी कप को भरने का समय है क्योंकि आपके फेवरेट शोज इस बार पूरे नए ट्विस्ट के साथ वापस आ रहे हैं।

### दिल्ली क्राइम

पॉपुलर शो दिल्ली क्राइम थ्रिल और सस्पेंस से भरा है। शेफाली शाह की यह सीरिज राजधानी में हाई-प्रोफाइल अपराधों की जांच करती हैं। शो के पहले दो सीज़न वास्तविक और काल्पनिक दोनों घटनाओं से प्रेरित थे।



### द फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स

'द फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स' जीवन चार 'बॉलीवुड पत्नियों' के जीवन पर आधारित है। इस सीरिज में महीप कपूर ,संजय कपूर की पत्नी, भावना पांडे ,चंकी पांडे , सीमा खान ,सोहेल खान ,और नीलम कोठारी ,समीर सोनी हैं। यह शो फिल्म निर्माता करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के डिजिटल लेबल धर्माटिक एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है।

### कोटा फैक्ट्री

राघव सुब्बू द्वारा निर्देशित 'कोटा फैक्ट्री' 'वैभव ' के बारे में है, जो कोटा के प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों में से एक 'माहेश्वरी' की एडमिशन लेता है और कैसे वह अपनी दोस्ती, अपने गुरु के साथ अपने रिश्ते और आईआईटी में जाने के बढ़ते दबाव को संतुलित करने की कोशिश करता है। इस शो में जितेंद्र कुमार, मयूर मोरे, रंजन राज, आलम खान, एहसास चन्ना, रेवती पिल्लई और उर्वी सिंह हैं।

### शी

वहीं, 'शी' फिल्म निर्माता इम्तियाज अली द्वारा लिखित और निर्मित, एक अंडरकवर मुंबई कांस्टेबल की केंद्रीय भूमिका में अदिति पोहनकर को पेश करती है। इसे वायाकॉम 18 स्टूडियोज के टिपिंग प्वाइंट और विंडो सीट फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है।

### मिसमैच्ड

संध्या मेनन की साल 2017 में आई उपन्यास 'व्हेन' 'डिंपल मेट ऋषि' पर आधारित, 'मिसमैच्ड' में लोगों ने प्राजक्ता कोली और रोहित सराफ की जोड़ी को काफी पसंद किया है। शो के दो सीजन सफलतापूर्ण रहें। अब इसके बाद शो का तीसरा सीजन आने वाला है। 'मिसमैच्ड' 'ऋषि' और 'डिंपल' की लव स्टोरी पर आधारित है। 'ऋषि' ओल्ड स्कूल रोमांस में विश्वास करता है और वह 'डिंपल' से शादी करना चाहता है।

## आजादी के दौर में राजकुमारी के पार्श्वगायन से गूंज रही थी देश की फिजां

# लोकप्रिय गायिका रही राजकुमारी को बाद के दिनों में कोरस में भी गाना पड़ा

*आज की पीढ़ी भले ही अपने दौर की सर्वाधिक लोकप्रिय गायिका राजकुमारी को भूल चुका है लेकिन उनका भी एक दौर था। अपने दौर में राजकुमार ने एक से बढ़ कर एक सुपरहिट गीत दिए। फिल्मों में उनकी मांग लगातार बनीं हुई थी। फिर ऐसा वक्त आया जब उनके सितारें गर्दिश में जाने लगे।*





**मुंबई।** कभी हर फिल्म में सोलो और डुएट में उनकी मांग हुआ करती थी लेकिन बाद के दौर में उन्हें काम मिलना तो दूर, लोग उन्हें पहचानते तक नहीं थे।

ऐसे दौर में कभी संगीतकार नौशाद ने उन्हें देखा कि अपने दौर की चोटी की गायिका कोरस में गाने खड़ी है तो उन्हें बुरा लगा। इसके बाद संगीतकार नौशाद ने उन्हें एक गीत में बाकायदा कुछ पंक्तियां अलग से गाने के लिए रोका। वह गीत था 'संघर्ष' फिल्म का 'मेरे पैरों में घुंघुरू बंधा दे तो फिर मेरी चाल देख ले'। इस गीत में मोहम्मद रफी के मुख्य स्वर के अलावा एक और स्वर 'क्या चाल है तोरी' कहते हुए। यह स्वर राजकुमारी का था। बाद में संगीतकार गुलाम मोहम्मद के निधन के बाद फिल्म 'पाकीजा' का शेष काम नौशाद के जिम्मे आया तो उन्होंने गायिका राजकुमारी को बुलवाया और उनसे कुछ यादगार बंदिशे गवाई। राजकुमारी का जन्म 1924 में बनारस में हुआ था। उनकी आवाज़ में एक अनोखी मिठास थी, जो भुलाए नहीं भूलती। वे अपने ज़माने की अग्रणी और बेहद प्रतिभाशाली गायिका रहीं। उनके गाए गानों ने बीस से भी अधिक वर्षों तक श्रोताओं का दिल लुभाया। गायिका राजकुमारी ने बेशुमार अभिनेत्रियों को आवाज़ प्रदान की। उन्होंने अनगिनत संगीतकारों, गीतकारों एवं रंगमंच के कलाकारों को सफलताएँ देने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने महज 14 वर्ष की उम्र में ही अपना पहला गाना एचएमवी में रिकॉर्ड कराया था। गाने के बोल थे- ₹सुन बैरी बलमा कछू सच बोल न।' यह अलग बात थी कि राजकुमारी ने किसी संस्था से संगीत की कोई शिक्षा नहीं ली थी, लेकिन ईश्वर ने जो उन्हें कंठ बख्शा था, वह कम नहीं था। इसके बाद तो उन्होंने विभिन्न मंचों पर अपनी गायिकी का सफर जारी रखा। तीस के दशक में मूलतः अभिनेत्रियाँ अपने गीत खुद गाती थीं। इस सूरत को बदलने में राजकुमारी दुबे का निःसन्देह बड़ा हाथ रहा। उनके गीतों की माँग के चलते कई संगीतकारों ने उनकी आवाज़ का इस्तेमाल किया और आने वाले समय में वे पार्श्वगायन का एक चमकता हुआ सितारा बन गईं।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com